Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24


website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 307 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 30 मई 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जब तक स्पर्धा नहीं होती तब तक आत्मशक्ति का परिचय नहीं होता।

In the absence of competition will-power of self cannot be indentified.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हुंकार

### बोले- प्रदेश में मची है चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार



**अलीपुरद्वार ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में एक जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने टीएमसी को निर्मम सरकार करार देते हुए कहा कि यह सरकार गरीबों और आम लोगों के हितों के खिलाफ काम कर रही है। पीएम मोदी ने यहां मंच से कहा कि बंगाल की जनता कह रही है कि मची है चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार।

पीएम मोदी ने मुर्शिदाबाद और मालदा की घटनाओं का जिक्र करते हुए टीएमसी सरकार के समय में प्रदेश की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। जनसभा के दौरान मंच से पीएम मोदी ने अलीपुरद्वार और कूचबिहार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी। इस परियोजना से 2.5 लाख से अधिक घरों में पाइपलाइन के जरिए सस्ती और सुरक्षित गैस आपूर्ति होगी। इससे न केवल सिलेंडर खरीदने की परेशानी खत्म होगी, बल्कि परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा भी मिलेगी। पीएम ने इसे सरकार की डोरस्टेप डिलीवरी का उदाहरण बताया।

आयुष्मान योजना का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के तहत देशभर में करोड़ों लोगों को मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग भी शामिल हैं। लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने इस योजना को लागू नहीं होने दिया, जिसके कारण राज्य के लोग इस लाभ से वंचित हैं।

इसके अलावा, केंद्र सरकार की गरीबों को पक्का मकान देने की योजना का जिक्र करते हुए पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग गरीबों से %कट मनी% वसूल रहे हैं, जिसके कारण लाखों परिवारों को घर नहीं मिल पा रहा। पीएम ने विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत देशभर में लाखों लोगों को प्रशिक्षण और आर्थिक मदद दी जा रही है। लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार ने आठ लाख आवेदनों को लटका रखा है, जिससे यह योजना भी यहां लागू नहीं हो पा रही।

पीएम ने टीएमसी सरकार पर शिक्षकों और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी शासनकाल में हजारों शिक्षकों का भविष्य बर्बाद हुआ और लाखों बच्चों के भविष्य को अंधेरे में धकेल दिया गया। पीएम ने टीएमसी पर अपनी गलतियां स्वीकार न करने और कोर्ट को दोषी ठहराने का भी आरोप लगाया।

पीएम ने कहा कि टीएमसी ने चाय बागान में काम करने वाले श्रमिकों को भी नहीं बख्शा। उनकी कमाई पर डाका डाला जा रहा है और दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। पीएम ने कहा कि बंगाल का विकास भारत के भविष्य की नींव है। केंद्र सरकार ने राज्य के विकास के लिए कई परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें दुर्गापुर एक्सप्रेसवे और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह का आधुनिकीकरण शामिल है।

## पीएम मोदी की पहली सिक्किम यात्रा रद्द, वर्चुअली किया लोगों को संबोधित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 29 मई से चार राज्यों के दौरे की शुरुआत करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली यात्रा सिक्किम में प्रस्तावित थी, लेकिन खराब मौसम के कारण यह रद कर दी गई। राज्य के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गंगटोक में आयोजित कार्यक्रम में वे शामिल नहीं हो सके। इसके बाद पीएम मोदी पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े।

अपने संबोधन में उन्होंने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए कहा- पहलगाम में आतंकवादियों ने जो कायरतापूर्ण हमला किया, वह केवल भारत पर नहीं, बल्कि मानवता पर हमला था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकियों को करारा जवाब दिया गया और उनकी घातक अड्डे ध्वस्त कर दिए गए। प्रधानमंत्री ने सिक्किम की प्रगति और लोगों के सहयोग के लिए राज्यवासियों का भी धन्यवाद किया। शुक्रवार को होना था वेदांता-आयुष मंत्रालय की बैठक, जो अब वर्चुअल प्लैटफ़ॉर्म पर आयोजित की जाएगी।

## भारत में सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के लिए आतंकी भेजता है पाकिस्तान : असदुद्दीन ओवैसी

**रियाद ( एजेंसी )।** भारत दुनिया के प्रमुख देशों में पहलगाम में आतंकी हमला कराने वाले आतंकवाद पोषक पड़ोसी पाकिस्तान के कुटिल चेहरे से कलई उतार रहा है। इन दिनों भारतीय संसदीय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य कई देशों की यात्रा पर हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब में है। इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने रियाद में कहा कि आतंकवादी समूहों के वित्तपोषण पर अंकुश लगाने के लिए पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे सूची में वापस रखा जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शराफत का लबादा ओढ़कर दुनिया के धोखा दे रहा है। सच यह है कि आतंकवादी संगठनों को पाकिस्तान में प्रशिक्षित किया जा रहा है और वे भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। ओवैसी ने एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि इसमें पाकिस्तान के सेना प्रमुख के बगल में एक कुख्यात आतंकवादी बैठा हुआ है। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान आतंकवादियों का साथ देता है।

## छत्तीसगढ़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

### गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को कर रहे हैं पूरा : मुख्यमंत्री साय




- कृषि संकल्प अभियान के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी
- भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए दी साढ़े 3 करोड़ की सौगात, भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की घोषणा
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 110 हितग्राहियों को सौंपी पीएम आवास की चाबी, मुख्यमंत्री भैंसा में आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों से हुए रूबरू

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित सुशासन शिविर में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर देश भर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुवात हो रही है। इस अभियान में केंद्र सरकार के वैज्ञानिक भी आएंगे और राज्य के वैज्ञानिकों के साथ दल बनाकर कार्य करेंगे। राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों से आने वाले दिनों में सम्पर्क कर हम राज्य में कृषि विकास हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे। मुख्यमंत्री ने सुशासन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के हर गरीब के पास पक्का मकान होना चाहिए। हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने राज्य के मकान विहीन वाले एवं गरीब परिवारों को 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। लाखों लोगों को उनके पक्के आवास मिल चुके हैं। साथ ही शेष बचे हुए मकानों का निर्माण जारी है, उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस में सब बचे हुए पात्र लोगों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 70 लाख से ज्यादा बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत् प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि अंतरित किए जा रहे हैं। जिनका नाम नही जुड़ा, उनके लिए भी जल्द ही योजना में नाम जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा।

**हितग्राहियों से लिया फीडबैक-** मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के फीडबैक लिए। हितग्राही श्री चमार सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि गिरते हुए जल स्तर को ध्यान में रखते हुए धान की खेती के अलावा उद्यानिकी और कम पानी खर्च और अधिक आमदनी वाले फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने जैविक कृषि के लिए भी किसानों से अपील की। श्रीमती चंदन ने महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि वे इस योजना के पैसे का उपयोग बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अन्य जरूरत पर करते हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिसर्च सिर्फ लैब तक न रहे, लैब से निकलकर वैज्ञानिक गांव-गांव तक जाए और किसानों तक जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया।

### मुख्यमंत्री साय ने की घोषणाएं...

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में क्षेत्र के विकास के लिए लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें ग्राम भैसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रूपए, हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख 23 हजार रूपए पानी टँकी एवं पाइप लाइन विस्तार हेतु 55 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए 50 लाख रूपए, अहाता एवं शेड निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम अमोड़ी में पाइप लाइन विस्तार के लिए 42 लाख रूपए, हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 24 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर भैंसा में नवीन नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शिविर में कृषि पत्रिका का भी विमोचन किया। समाधान शिविर में कृषि विभाग के योजनाओं के तहत् हितग्राहियों का कृषि उपकरणों हेतु अनुदान चेक, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकल, किसान क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किए।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती रायपुर में धूमधाम से मनाई गई

**सभी समाज संगठनों की भागीदारी, एकता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर, 29 मई को विक्रम संवत के अनुसार राजधानी रायपुर में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। यह आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अखिलेश सिंह की पहल पर संपन्न हुआ, जिसमें करणी सेना, सर्व समाज, भोजपुरी साहित्य सम्मेलन, क्षत्रिय कल्याण संगठन, चाय मित्रगण समूह, बोल बम सेवा समिति, ब्रह्मर्षि समाज सहित अनेक सामाजिक संगठनों की गरिमामयी सहभागिता रही।

रायपुर के बंजारी माता मंदिर के समीप इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन और महाराणा प्रताप जी की फोटो पर माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात लगभग 5000 लोगों के लिए भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई थी। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए छाछ, लस्सी, शरबत और शीतल जल की विशेष व्यवस्था भी रखी गई।

कार्यक्रम के दौरान गौ पूजन एवं गौ सेवा जैसे पुण्य कार्यों को भी संपन्न किया गया। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्री त्रिभुवन सिंह एवं बोल बम सेवा समिति के श्री दया सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही मातृशक्ति की भागीदारी ने आयोजन को और अधिक गरिमा प्रदान की।

इस आयोजन में सभी समाजों ने मिलकर एकता और भाईचारे का परिचय देते हुए वीर महाराणा प्रताप जी की जयंती एक साथ मनाई। विभिन्न राज्यों से आए हुए अतिथियों ने महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष, त्याग और बलिदान पर अपने विचार साझा किए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अखिलेश सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि महाराणा प्रताप सहित अन्य महापुरुषों की जयंती विक्रम संवत के अनुसार मनाई जानी चाहिए।

## डीएमएफ घोटाला : रानू साहू व सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से मिली सशर्त जमानत

**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में हुए करोड़ों के डीएमएफ घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने शर्त रखी है कि जांच को प्रभावित करने की आशंका के चलते दोनों को छत्तीसगढ़ से बाहर रहना होगा। सौम्या और रानू दोनों करीब दो साल बाद जेल से बाहर आएंगी

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यू/एसीबी में दर्ज डीएमएफ घोटाला मामले की जांच की स्थिति और उसके पूरा होने में लगने वाले समय के बारे में जानकारी ली। अभियोजन के अधिवक्ता ने बताया कि गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए जारी नोटिस का उनके द्वारा अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जिस कारण जांच में देर हो रही है। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि गवाहों को जांच में सहयोग करने के लिए उनमें विश्वास पैदा करना जांच एजेंसी का काम है। सुप्रीम कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को अंतरिम जमानत का लाभ देते हुए इस बात पर भी गौर फरमाया कि कैसे जांच एजेंसियां एक प्रकरण में अभियुक्त को जमानत का लाभ मिलने पर किसी अन्य प्रकरण में उसकी संलिप्तता बताकर फिर हिरासत में ले लिया जाता है। अंतरिम जमानत पर रिहाई के लिए कठोर शर्ते लगाते हुए न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि सौम्या चौरसिया और रानू साहू आगामी आदेश तक छत्तीसगढ़ में निवास नहीं करेंगी। प्रकरण में चौरसिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे, सह अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा और एओआर पल्लवी शमी ने पैरवी की।

## पीओके कहेगा, मैं भारत हूं, पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढियों पर तेजी से बढ़ते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा।

रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, मैं मानता हूँ कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बड़े भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है और वो बड़े विश्वास से कहते हैं- 'तब कुपंथ को छोड़ सुपथ पर स्वयं चला आएगा। मेरा ही भाई है, मुझसे दूर कहां जाएगा।'

## AK-47 और डेटोनेटर के साथ कुख्यात नक्सली कमांडर हिडमा गिरफ्तार



**कोरापुट ( विश्व परिवार )।** ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय माओवादी नेटवर्क को एक बड़ा झटका लगा है। खतरनाक और वांछित माओवादी नेता कुंजाम हिडमा उर्फ मोहन को कोरापुट पुलिस और डिस्ट्रिक्ट वॉलंटरी फोर्स (DVF) की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे कोरापुट जिले के बाइपारीगुडा थाना क्षेत्र के पेटगुडा जंगल से पकड़ा गया।

कोरापुट एसपी रोहित वर्मा ने जानकारी दी कि कुंजाम हिडिमा बीजापुर जिले के उसुरु थाना क्षेत्र के जनगुड़ा गांव में माओवादी घटनाओं में शामिल रहा है। उस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 5 लाख और ओडिशा सरकार ने 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था, कुल मिलाकर वह 8 लाख का इनामी नक्सली था।

पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के दौरान बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री और हथियार भी बरामद किए हैं। जब्त सामानों में एक ्त्य-47 राइफल, 35 राउंड गोलियां, 117 डेटोनेटर (इलेक्ट्रिक और नॉन-इलेक्ट्रिक), बारूद, रेडियो, चाकू और माओवादी साहित्य शामिल है।

## तलाम-नागदा रेलखंड को मिलेगी नई रफ्तार, तीसरी और चौथी लाइन से जुड़ेगा विकास का ट्रैक : अश्विनी वैष्णव




**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत रतलाम-नागदा रेलखंड की तीसरी और चौथी रेल लाइन को मंजूरी के उपलक्ष्य में रेल भवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की। इस अवसर पर मंच पर उज्जैन-अलोट के सांसद श्री अनिल फिरोजिया उपस्थित थे, जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े। उनके साथ राज्य सरकार के मंत्री श्री चेतन्य कश्यप, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, विधायक श्री मथुरा लाल डामर और विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान भी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना मध्य प्रदेश के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए लगातार नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है। 41 किलोमीटर लंबा रतलाम-नागदा रेल सेक्शन अब तीसरी और चौथी लाइन के साथ चार ट्रैकों वाला बन जाएगा, जिसकी कुल लागत 1,018 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है।

रतलाम जंक्शन देश के उन महत्वपूर्ण रेलवे जंक्शनों में शामिल है, जहां से उत्तर (नागदा), दक्षिण (वडोदरा), पूर्व (इंदौर) और पश्चिम (चित्तौड़गढ़) की ओर सीधी रेल कनेक्टिविटी है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को पश्चिमी तट के बंदरगाहों से तेज और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना 'जीरो कार्बन' लक्ष्य की दिशा में भी बड़ा कदम है। इससे हर वर्ष लगभग 38 करोड़ किलोग्राम $CO_2$ उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों के बराबर है। 11वें वर्ष तक यह संख्या बढ़कर 16.5 करोड़ पेड़ों के बराबर होगी। साथ ही, 7.5 करोड़ लीटर डीज़ल की बचत भी संभव होगी।

इस परियोजना से लगभग 27 लाख मानव-दिवस का रोज़गार भी सृजित होगा। इसके अलावा यह रतलाम क्षेत्र से नागदा थर्मल पावर प्लांट, विस्कोस फाइबर एवं केमिकल प्लांट जैसे औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कृषि उत्पादों, कोयला, कंटेनर और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन में भी गति और कुशलता आएगी।

परियोजना से खजुराहो, ग्वालियर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, ओंकारेश्वर, सांची, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, अमरकंटक और भीम जन्मभूमि जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे राज्य के पर्यटन उद्योग को नया बल मिलेगा।

रेल मंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में दिल्ली से डॉ. अंबेडकर नगर के लिए एक नई ट्रेन सेवा शुरू की गई है।

## कांग्रेस नेताओं के आलोचना करने पर भड़के शिशि थरूर, कहा- मेरे पास करने के लिए बहुत कुछ



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अपनी ही पार्टी के नेताओं की आलोचनाओं में घिरे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पलटवार किया है और उन्होंने आलोचना करने वाले नेताओं को अति उत्साही बता दिया है। शशि थरूर का यह बयान कांग्रेस नेता उदित राज के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें उदित राज ने शशि थरूर के विदेश में दिए गए एक बयान पर आपत्ति जताई थी और उन्हें भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया था। शशि थरूर इन दिनों विदेश दौरों पर गए भारत के सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं। शशि थरूर ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ पनामा दौरे पर अपने एक भाषण में कहा कि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में अपनी सोच में बदलाव किया है। जिसके बाद आतंकियों को भी ये अहसास हो गया है कि उन्हें भारत में हमले की कीमत चुकानी पड़ेगी ल थरूर ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि पहली बार भारत ने

सर्जिकल स्ट्राइक के समय एलओसी पार कर आतंकी ठिकानों पर हमले किए। यहां तक की कारगिल की लड़ाई में भी हमने सीमापार नहीं की थी। इस बार न सिर्फ हमने सीमा पार की है बल्कि अंतरराष्ट्रीय सीमा भी पार की है। हमने पाकिस्तान के मध्य में स्थित पंजाब में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया 18ल थरूर की इस टिप्पणी पर उनकी ही पार्टी के नेता उदित राज ने कहा कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर भाजपा के सुपर प्रवक्ता बन गए हैं।

# बक्शी स्कूल में चार वार्ड के लिए आयोजित समाधान शिविर में प्राप्त सभी आवेदनो का हुआ निराकरण



### शिविर के अंतिम दिन 31 मई को जल संयंत्रगृह मोहारा में ग्रामीण वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड व हल्दी के लिए समाधान शिविर

**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार के तहत वार्डो में आयोजित समाधान शिविर की कडी में आज पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल मैदान में वार्ड नं. 41,42,43 व 46 के लिए आयोजित शिविर में महापौर श्री मधुसूदन यादव शामिल होकर वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज 4 वार्डो से प्राप्त आवेदनों का समाधान बताने शिविर आयोजित किया गया है। निश्चित रूप से सुशासन तिहार केवल पर्व ही नही बल्कि जनता के नजदीक जाने तथा उन्हें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ का सीधा लाभ देने का माध्यम है।

महापौर श्री यादव ने कहा कि आज चारो वार्ड से 316 आवेदन प्राप्त हुए थे, सभी आवेदनों का समाधान हो गया है। समाधान में विकास कार्य, विद्युत पोल लगाने के अलावा इसी प्रकार के अन्य कार्य विभाग में प्रक्रिया के लिए भेजकर निराकरण बताया जाता है। लेकिन यह सही मायने में समाधान नहीं हुआ। उक्त कार्य धरातल पर पूरा होने से ही निराकरण माना जाएगा। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियो से कहा कि ऐसे कार्यो के आवेदन पर गंभीरता के साथ क्रियान्वयन करे, ताकि सत प्रतिशत समाधान हो सके। उन्होंने नागरिको से कहा कि जिस उम्मीद से आप शिविर में आए है, उसमें पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे, नजर अंदाज नही करेंगे।

समाधान शिविर में महापौर सहित निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री सावन वर्मा, शैकी बग्गा, राजा माखीजा, श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा के अलावा संबंधित वार्ड के पार्षद श्री सतीश साहू, श्रीमती संगीता सिन्हा, श्रीमती खेमीन यादव, श्री हेमंत शेखर यादव सहित पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, रवि सिन्हा, सेवक उईके, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, श्री विजय राय तथा समाजिक कार्यकर्ता श्री गोलू गुप्ता व श्री प्रखर श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ महतारी की पूजा अर्चना कर विभागीय स्टालो का अवलोकन किया तथा नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कर गर्भवती महिलाओ की गोदभराई किये।

समाधान शिविर में अतिथियो ने हितग्राहियो को राशन कार्ड, आयुष्मयान कार्ड एवं ड्राईविंग लायसेंस का वितरण किया। वार्डवासियो ने स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में बी.पी.शुगर की जॉच करा अन्य बीमारी संबंधी दवा लिए, वही आयुर्वेदिक स्टाल में वात, उदर रोग, सर्दी,खासी बुखार, चर्म रोग, स्त्री रोग से संबंधित नि:शुल्क दवा लिए। आज के समाधान शिविर में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित वार्डवासी बडी संख्या में उपस्थित थे।

समाधान शिविर की अंतिम कडी में 31 मई शनिवार को 4 ग्रामीण वार्ड मोहारा, सिंगदई, मोहड एवं हल्दी के लिए जल संयंत्रगृह मोहारा में प्रात: 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक समाधान शिविर लगाया जायेगा। जिसमें उपरोक्त वार्ड के नागरिक जिनके द्वारा अपनी समस्या संबंधी आवेदन दिये है, उनका समाधान बताकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ भी दिया जायेगा।

# राज्यपाल रमेन डेका की नई पहल, प्रदेश के तीन गांवों को गोद लिया

### गांवों में होगा समावेशी मानव केन्द्रित विकास



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने एक नई पहल करते हुए, प्रदेश के तीन गांवों को गोद लेने का संकल्प लिया है। बेमेतरा जिले के टेमरी, गरियाबंद जिले के मड़वा डीह, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के सोनपुरी गांव को गोद लेने के लिए चयन किया गया है। इन गांवों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न फ्लेगशिप योजनाओं के हेतु समुदाय को शामिल करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय विकास की पहल की जाएगी। इसके लिए पृथक से कोई राशि का आबंटन नहीं किया जाएगा, बल्कि विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध राशि के समुचित उपयोग एवं निगरानी से ही यह कार्य किया जाएगा। गांवों को गोद लेने से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में 'मानव-केंद्रित' दृष्टिकोण के साथ गांवों के समावेशी विकास के उद्देश्य पर अधिक जोर दिया जा सकेगा।

राज्यपाल श्री डेका द्वारा जिन गांवो को गोद लिया जा रहा है उनमें जल संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना, शिक्षा ,स्वास्थ्य एवं पोषण, आजीविका, सामाजिक सुरक्षा, सतत् कृषि, विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जल संरक्षण के लिए अमृत सरोवर बनाने एवं नरेगा एवं जल जीवन मिशन से कार्य कराए जाने, कैम्पा, नरेगा, वृक्षारोपण अभियान के जरिए हरित आवरण बढ़ाने, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में विद्यार्थियों के शाला छोड़ने की दर को कम करने के लिए स्कूलों में अभिभावकों के साथ मीटिंग करने, पुस्तकालयों में शिक्षाप्रद एवं आकर्षक पुस्तकें रखे जाने, एनसीसी, स्कूलों का जीर्णोद्धार आदि कार्यो पर ध्यान दिया जाएगा। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की बेहतरी एवं पोषण के लिए टी बी उन्मूलन, स्वच्छता अभियान, आईसीडीएस, पर जोर रहेगा। ग्रामीणों की आजीविका बढ़ाने के लिए एनआरएलएम, स्व सहायता समूह, कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण उद्यमिता सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बुजुर्गों एवं दिव्यांगों की देखभाल, नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा। कृषि में सुधार के लिए जैविक खेती, पारंपरिक कृषि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, विरासत और संस्कृति-स्थानीय और ग्रामीण पर्यटन, विरासत स्थल के संरक्षण हेतु सामुदायिक प्रयास किए जाएंगे।

इसके अलावा गोद लिए गए गांवों की निगरानी समय-समय पर की जाएगी और विभिन्न परियोजनाओं के परिणाम के रूप में मापने योग्य संकेतकों का मूल्यांकन किया जाएगा जैसे भूजल स्तर में वृद्धि, हरित क्षेत्र में वृद्धि, प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में विद्यार्थियों में शाला छोड़ने की दर आदि। कुल मिलाकर गोद लिए गए गांव संबंधित जिला प्रशासन के लिए गांव के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय विकास हेतु एक समावेशी मानव केंद्रित दृष्टिकोण रखने के लिए मार्ग दर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

उल्लेखनीय है कि गत वर्ष अगस्त में नई दिल्ली में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में सभी राज्यपालों को प्रधानमंत्री फ्लेगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में प्रत्येक जिले के अधिकारियों के साथ चर्चा करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी निर्देश के परिपालन में राज्यपाल श्री डेका लगातार प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर केन्द्र की फ्लेगशिप योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन का फीडबैक ले रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने कुछ गांवों को आदर्श गांव की तर्ज पर विकसित करने का संकल्प लिया।

# राजस्व मंत्री वर्मा ने समर कैम्प के प्रतिभागियों को दिये प्रमाण पत्र



### युवाओ नें आत्मरक्षा कौशल का किया प्रर्शन

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा नें ग्राम पंचायत अर्जुनी के समाधान शिविर में सुशासन तिहार समर कैम्प के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया। इस दौरान समर कैम्प में विभिन्न कौशलो का प्रशिक्षण प्राप्त युवाओ नें आत्मरक्षा कौशल का प्रदर्शन भी किया। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण युवाओ को सशक्त बनाने के लिए चयनित 6 ग्राम पंचायतों में 10 दिवसीय सुशासन तिहार समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम पंचायत अर्जुनी भी शामिल है। अर्जुनी में 10 दिवसीय समर कैम्प के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस समर कैम्प में करीब 100 स्कूली बच्चों ने भाग लिया जिन्हे मार्शल आर्ट्स, जुम्बा डांस, योगा, साइबर क्राइम जागरूकता तथा कैरियर कांउसिलिंग की जानकारी दी गई।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (छ0ग0)**

**// ई-प्रक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) //**

**क्रं. 165 / ई-टेण्डर / लोक-11 /2025-26** **राजनांदगांव, दिनांक 27/05/2025**

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु आन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सं. क्रं. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रूपये में | निविदा आन लाईन भरने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 169182 | Supplay for Manpower water department (higher skilied, skilied, semi-skiled and un skilied) 58 Nos | 80.02 | 12.06.2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के (लोक कर्म शाखा) एवं वेबसाईड www.mcrjn.com & https://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट हेतु पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

**आयुक्त,**
**नगर पालिक निगम, राजनांदगांव**


# नगर पालिका द्वारा आयोजित निर्माण कार्य हेतु कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने किया भूमिपूजन

### जल आवर्धन के अंतर्गत नई पानी टँकी का होगा निर्माण



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** नगर में विकास कार्यों को पूर्ण किये जाने के लिए जल आवर्धन योजना के अंतर्गत पुराने पानी टँकी परिसर में नया पानी टँकी के निर्माण कार्य किए जाने कैबिनेट मंत्री माननीय टंकराम वर्मा के द्वारा भूमि पूजन कर कार्य शुभारंभ हेतु पूजा अर्चना की गई7 नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित भाजपा जिलाध्यक्ष आनन्द यादव, न.पा.उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, पार्षद एवं सभापति आदित्य गुप्ता, हरजीत सिंह सलूजा, जितेंद्र डड़सेना ने भी श्रीफल तोड़कर कुदाल चलाकर पूजा अर्चना की गई, इस दौरान मंत्री श्री वर्मा द्वारा कहा गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के शासन में बहुत ज्यादा विकास के कार्य किये जा रहें है व मैं नगर में विकास कार्य हेतु हर संभव मदद के साथ विकास कार्य में सहयोग करने के लिए तैयार हूं नगर में और भी बड़े विकास के कार्य किये जाने की बात कही गई7 58.43 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले स्थानीय पानी टँकी निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कर कार्य का शुभारंभ किये जाने पूजा अर्चना की गई। भूमि पूजन कार्यक्रम मे पहुचनें पर केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर सी.एम.ओ. खिरोद्र भोई के द्वारा स्वागत किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान पार्षदगण कन्हैया सेन, अमितेष नेताम, सतीश पटेल, शेख सलमान, लोकेश चेलक, मनोज कांत पुरैना, सलमान शेख, गौतम चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशिभूषण शुक्ला, सुभाष राव, मनीष वर्मा, रवि फेकर, पूर्व पार्षद संकेत शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, धीरज बाजपेई, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत, **अवंति विहार तेलीबांधा, रायपुर** में निर्मित **एल.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-05**, ब्लॉक-01, प्रथम तल **श्री अजय कुमार चौरसिया पिता स्व. श्री जवाहर लाल चौरसिया** के नाम पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक **5617** दिनांक **25.04.2005** द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक **07.01.2014** को सेलडीड निष्पादन उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा दिनांक **11.03.2014** को आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट क्रेता **श्रीमती चारुशीला पाढ़ी पति श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी** को विक्रय करने हेतु **विक्रय अनुमति** चाही गई, जिसे इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-3725 दिनांक 14.03.2014 को विक्रय अनापत्ति पत्र प्रदान किया गया है। क्रेता **श्रीमती चारुशीला पाढ़ी पति श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी** द्वारा दिनांक **25.03.2014** को विक्रय विलेख निष्पादन कराने उपरांत इस कार्यालय में नामांतरण की प्रक्रिया पूर्ण नही किया गया है।

क्रेता **श्रीमती चारुशीला पाढ़ी पति श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी** कि मृत्यु दिनांक **04.06.2018** को हो जाने के कारण उनकी **पुत्री सुश्री प्रेसी पादी एवं सुश्री ब्लेस्सी पाढ़ी दोनों के पिता श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी, निवासी- आकाश हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, ब्लॉक-01, रूम नं.-05, अवंति विहार, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)** द्वारा अपना आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। क्रेता **श्रीमती चारुशीला पाढ़ी पति श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी** की मृत्यु होने के उपरांत उनकी **पुत्री सुश्री प्रेसी पादी एवं सुश्री ब्लेस्सी पाढ़ी दोनो के पिता श्री प्रदीप कुमार पाढ़ी,** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त फ्लैट के नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के **15 दिवस** के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./20981/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025**
**रायपुर, दिनांक 28-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 20981**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331E0255A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. SHARDA KAVADYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O S.K. KAVADYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAYESH KAVADYA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O S.K. KAVADYA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
**शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone3@gmail.com**

**पत्र क्र./21110/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025**
**रायपुर, दिनांक 28-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21110**
**वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331F0102A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VARUN KUMAR CHAKRAVERTI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O N.G. CHAKRAVERTI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ARUN KUMAR CHAKRABORTY** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE N.G. CHAKRABORTY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री रमेश कुमार जायसवाल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**


# देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में निगम का स्वच्छता अभियान

### महापौर सहित अध्यक्ष, आयुक्त एवं जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदीयो, अधिकारियो व कर्मचारियों ने त्रिवेणी परिसर में श्रमदान कर की सफाई



**राजनांदगांव (विश्व परिवार)।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य मे प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में राज्य शासन के मंशानुसार 21 मई से 31 मई 2025 के मध्य विभिन्न गतिविधिया आयोजित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। निर्देश के अनुक्रम में आज सुबह महापौर श्री मधुसूदन यादव के नेतृत्व में त्रिवेणी परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा सहित महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यो श्री सावन वर्मा, राजा माखीजा, श्रीमती केवरा राय, श्रीमती वर्षा सिन्हा, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा, पार्षद सर्वश्री रवि सिन्हा, मनोहर यादव, कमलेश बंधे, संदीप बघेल, सतीश साहू, चंद्रशेखर लश्करे, डुरेन्द्र साहू, सेवक उईके, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा व श्री विजय राय, पूर्व नामांकित पार्षद श्री हकीम खान, पार्षद प्रतिनिधि श्री नादान सेन के अलावा नागरिको, अधिकारियों व कर्मचारियों तथा स्वच्छता दीदीयों ने श्रमदान कर साफ सफाई कर कटिली झाडिया काट कचरा उठाए। शीतला मंदिर के पास, बुढा सागर के किनारे एवं घाट की भी साफ सफाई कर कचरा उठाया गया।

महापौर श्री यादव ने स्वच्छता अभियान के अवसर पर कहा कि अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पूरे देश में मनाया जा रहा है। शासन के आदेशानुसार उनकी जयंती के अवसर पर विभिन्न आयोजन के तहत आज त्रिवेणी परिसर में श्रमदान कर साफ सफाई किया गया। उन्होंने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर कुशल प्रशासक समाज सुधारक के साथ साथ महिलाओ को सशक्त बनाने तथा धार्मिक पवित्र स्थलो को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone8@gmail.com**

**पत्र क्र. /21176/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025**
**रायपुर, दिनांक 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21176**
**वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802J00054** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MARIAMMA BABY KUTTY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N. BABY KUTTY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VED PRAKASH PARGANIHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O RAMESH KUMAR PARGANIHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव बाबरा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./21174/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21174**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00535** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TAFAJJUL HUSAIN, NURUDDIN, SHAHADUDDIN, JAMIL HUSAIN, SHAHID HUSAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. JAKIUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती 1. तफज्जुल हुसैन 2. नुरुद्दीन 3. शाहाद्दीन 4. जामिल हुसैन 5. मारिया हुसैन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सभी पिता स्व. जाकिउद्दीन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरुण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./21106/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21106**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739C00099** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **FARM KOMALCHAND AND BROTHER** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **निलेश आशरा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. कोमलचंद आशरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरुण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
**प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone4@gmail.com**

**पत्र क्र./21125/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025**
**रायपुर, दिनांक 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21125**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR440C0090A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVI BAI, SHANKAR LAL AND LAXMANDAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **N/A** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **लक्ष्मणदास हीरवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. गोकुलदास जी हीरवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, सहमती पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरुण ध्रुव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **दोंदेखुर्द जिला-रायपुर,** में स्थित **भवन क्रमांक सीनि. एल.आई.जी.-458, श्रीमती कान्ता साहू पति श्री भोजेश कुमार साहू,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **11.10.2010** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। उक्त आबंटी द्वारा दिनांक **27.08.2021** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती रीना पटेल पिता श्री जयंती लाल पटेल, निवासी लिटील हर्ट स्कूल के पास टालोटोईला जिला-अंगुल (ओडिसा)** के पक्ष में दिनांक **08.10.2021** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता **श्रीमती रीना पटेल पिता श्री जयंती लाल पटेल,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अत: उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया, तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम**

**ई-कोर्ट प्रकरण क्रमांक........./ब-121/वर्ष 2024-25**
**ग्राम - लिटीपुर**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को समस्त ग्रामवासी **लिटीपुर** सूचित किया जाता है कि आवेदक **मन्नूराम चन्द्राकर पिता बिसौहा चन्द्राकर निवास का पता ग्राम-लिटीपुर, तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** द्वारा अपनी माता **सुखम चन्द्राकर पति बिसौहा चन्द्राकर निवास का पता ग्राम लिटीपुर तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़** है, जिनकी मृत्यु ग्राम लिटीपुर, तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में दिनांक **20.03.2024** को हुआ है जिनकी मृत्यु तिथि शासकीय दस्तावेजों मे दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उपर्युक्तानुसार वर्णित पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा-आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता न्यायालय में प्रकरंण की सुनवाई तिथि **13.06.2025** तक स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**सुनवाई तिथि : 13.06.2025**

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**पिपरिया**
मुहर **जिला कबीरधाम, (छत्तीसगढ़)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./21104/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025**
**रायपुर दिनांक : 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21104**
**वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436I0009W** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SAVITA CHIMANLAL SHAH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O CHIMANLAL SHAH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. MAHEK MAKHIJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ANAND MAKHIJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
**शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर**
**Email ID - rmczone2@gmail.com**

**पत्र क्रं./21103/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025**
**रायपुर दिनांक : 29-05-2025**

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 21103**
**वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436I0009Y** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **IELA BEN MAHENDRA SHAH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O MAHENDRA SHAH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **मनीष कुमार शाह** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- श्री महेन्द्र कुमार शाह** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर वृहद अभियान चलाकर बनाया जाएगा प्लास्टिक मुक्त जशपुर : कलेक्टर व्यास

## एक पेड़ मां के नाम पर वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा



**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर जिला के सभी कार्यालयों में प्लास्टिक की बोतल का इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहा है। इसके साथ ही बैठक में प्लास्टिक मुक्त एल फोल्डर का ही भी इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी 5 जून से वृहद स्तर पर अभियान चलाकर जिले को प्लास्टिक मुक्त बनाया जाएगा और अभियान की सतत निगरानी रखने के लिए एक आडिट टीम भी बनाई जाएगी। जिसके माध्यम से सभी कार्यालयों का भ्रमण करके प्लास्टिक का उपयोग को प्रतिबंधित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू वन मंडलाधिकारी शशि कुमार सभी एसडीएम, जनपद सीईओ और जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। वन मंडलाधिकारी अधिकारी शशि कुमार ने बताया कि पर्यावरण दिवस 5 जून से 30 सितम्बर 25 तक एक पेड़ मां के नाम पर वृहद अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए स्कूल, कालेज, सार्वजनिक जगह, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट राजमार्ग में भी पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। साथ ही पेड़ लगाने के बाद उसका उचित देखभाल भी करना है इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा एक आडिट टीम बनाई जा रही है, जो पौधे की नियमित निगरानी करेगी की पौधे का देखभाल हो रहा है कि नहीं। उन्होंने आवश्यकता अनुसार पौधे उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे फोटो सहित इको क्लब और मेरी लाइफ वेबसाइट में भी अपलोड किया होगा। उन्होंने पौधा तुहर द्वारा के तहत भी पौध रोपण करने के लिए कहा है। कलेक्टर व्यास ने बरसात को देखते हुए सभी अस्पतालों में एंट्री एनेम इंजेक्शन की दवाइयां रखने के लिए कहा और सांप बिच्छू काटने वाले मरीज को तत्काल भर्ती करके इलाज शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को बैंगा गुनिया के चक्कर में नहीं आने चाहिए। सांप बिच्छू काटने पर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्रों में इलाज करवाने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। शहरी क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों में श्रमदान करके प्लास्टिक मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बिजली अधिकारी को स्मार्ट मीटर लगाने की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण संवर्धन के लिए रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए कहा है। उन्होंने विभाग प्रमुखों को अपने अपने कार्यालय में परामर्शदात्री की बैठक लेकर कर्मचारियों के पेंशन, समय वेतनमान, अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को स्वास्थ्य पैरामीटर में धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर की और पैरामीटर को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी कलेक्टर ने बताया कि आगामी 16 जून से स्कूल खुलना है। इससे पहले स्कूल में श्रमदान करके परिसर को स्वच्छ बनाया है। यह अभियान आगामी 8 जून से 14 जून तक चलाया जाएगा और शिक्षकों की सहभागिता से स्कूल परिसर में श्रमदान करके स्कूल के जाले झाड़ियां, कचरा की साफ- सफाई की जाएगी। कलेक्टर ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हांकित 417 ग्राम पंचायतों में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए आयुष्मान कार्ड, राशन, पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, और केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिन चिन्हांकित गांव में सड़क नहीं बने हैं उनकी भी जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

# कबाड़ियों द्वारा रखें अवैध कबाड़ के समानों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

## जिले के अलग- अलग कबाड़ियों से 22 लाख रूपयें का कबाड़ समान बरामद



**जांजगीर-चाम्पा (विश्व परिवार)।** जिलें में अवैध रूप से लोहे के अवैध कारोबार करने वाले ब्यपारियों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तथा कविता ठाकुर एवं यदुमणि सिदार नेतृत्व में जिले में अवैध कबाड़ियों के कारोबारियों के विरूद्ध औचक जिले में छापामारी कार्यवाही किया गया। पुलिस की छापामार कार्यवाही में थाना प्रभारी जांजगीर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी की टीम द्वारा थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम लछनपुर में संचालित आरिफ मेमन पिता कसीम मेमन उम्र 62 साल के गोदाम से लगभग 60 टन, मुकेश देवांगन पिता चंदराम देवांगन उम्र 49 साल निवासी बिरगहनी चौक गोदाम बिरगहनी चौक में 150 किलो. समान बरामद किया गया। इसी प्रकार थाना चाम्पा क्षेत्र के ग्राम सिवनी निवासी राधेलाल बरेठ के कबाड़ दुकान से 1.6 टन लोहे का कबाड़, थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम गिधौरी निवासी एस रात्रे के कबाड़ दुकान से 7 टन लोहे का कबाढ़ समान बरामद किया गया है। थाना जांजगीर क्षेत्र के कबाड़ी दुकान भागीरथी कसेर निवासी लछनपुर, बंटी उर्फ असरफ खान निवासी जांजगीर अपने कबाड़ गोदाम से फरार मिले जिनके गोदाम नोटिस चिपकार गोदाम सीलबंद किया गया। इसके अलावा अन्य कबाड़ का व्यपार करने वाले भागीरथी यादव पिता तिलक राम यादव निवासी लछनपुर, पिताम्बर सिंह राजपूत पिता दरबार सिंह लछनपुर एवं अन्य कबाडियों के भी दुकान में छापामारी की कार्यवाही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धाराओं के तहत कार्यवाही कर कबाड़ कारोबारियों को कबाड़ के वैध दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नही करने से विधिवत् कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई है। जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जावेगा। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी शिवरीनारायण एवं सउनि मुकेश पाण्डेय थाना चाम्पा का सराहनिय योगदान रहा।

# मेरा सौभाग्य है कि शिव परिवार का मैं सहयोगी बन सकाः रमन अग्रवाल



**रामानुजगंज (विश्व परिवार)।** नगर पालिका क्षेत्र के रिंग रोड में स्थापित शिव चर्चा सेड में प्रत्येक शनिवार को होने वाले शिव चर्चा में स्थानीय लोगों सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिव शिष्य परिवार के लोग एकत्रित होते है। जहां गर्मी में पानी के लिए वाटर कूलर की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस बीच नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के द्वारा पहल करते हुए यहां वाटर कूलर लगवाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि शिव शिष्य परिवार ने मुझे सेवा का मौका दिया आप लोगों के आवश्यकता अनुसार हर मांग को पूरा करने का भरपूर प्रयास करता रहूंगा। शिव कार्य समिति के जिला अध्यक्ष पंचम राम कुशवाहा ने कहा कि समय समय पर आवश्यकता अनुसार रमन अग्रवाल जी के द्वारा हर मांग को पूरी की गई है मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी इसी तरह हमारी मांगे पूरी होती रहे इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर शिव कार्य समिति के जिला कोषाध्यक्षमनोज यादव, कृष्णा सिंह, करण कश्यप, अनूप कश्यप, ललिता कश्यप, अमृता देवी, आशा देवी, किरण देवी, सरिता देवी सहित हजारों की संख्या में शिव शिष्य परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान चलाकर जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण व परिवहन पर की गई कार्यवाही




**जांजगीर-चाम्पा (विश्व परिवार)।** जांजगीर-चांपा कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज के अधिकारियों के द्वारा समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई किया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम हेतु और अधिक सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। खनि अधिकारी अनिल साहू ने बताया कि जिला उडनदस्ता दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (26 मई तक) खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के कुल 189 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें से 163 प्रकरणो में राशि 40 लाख 92 हजार 41 रूपये वसूल कर खनिज मद में जमा कराया गया है। साथ ही इस अवधि की 26 प्रकरणों में कार्यवाही प्रचलन में है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर ने खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जिला स्तरीय टास्क फोर्स को दिए है। उन्होंने खनिज परिवहन करने वाले वाहनो में निर्धारित भार क्षमता से अधिक मात्रा में खनिजो का परिवहन करने पर एवं परिवहन के दौरान खनिज को तारपोलिन से न ढकने पर वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के दिए निर्देश

## ग्रामीण सचिवालय में पटवारियों को उपस्थित रहने की सख्त हिदायत



**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, खाता विभाजन, राजस्व के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी एसडीएम उपस्थित थे तहसीलदार और नायब तहसीलदार आनलाइन से बैठक में सीधे जुड़े थे। कलेक्टर ने सीमांकन के आवेदन का गंभीरता से निराकरण करने के लिए कहा अनावश्यक प्रकरणों को लंबित नहीं रखने की सख्त हिदायत दी गई है। उन्होंने आधार प्रविष्टियां, नक्शा अपडेट, वन अधिकार पत्र के प्रकरणों को विशेष ध्यान देकर निराकरण करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए हैं । कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को भू अर्जन के प्रकरणों की भी जानकारी ली और निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। आवेदन का परीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी पटवारियों को ग्रामीण सचिवालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। ताकि ग्रामीणों के आय, जाति, निवास, और राजस्व संबंधी आवेदन का निराकरण वहीं पर किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव से पटवारी के अनुपस्थित रहने की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने समीक्षा के दौरान शासकीय विभागों को कार्यालय बनाने के लिए आवंटित भूमि की स्थिति की भी जानकारी ली.

# अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन 31 मई को

**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** समाज कल्याण छग, रायपुर के निर्देशानुसार धूम्रपान एवं नशा पान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु 31 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा है, जिससे जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। समाज कल्याण विभाग जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित जाएंगे। इनमें ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी को जारी दिशा-निर्देशों अनुसार नशा मुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया जाएगा। तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर चर्चा व उसके दुष्प्रभाव की जानकारी समुदाय में प्रचारित किया जाएगा। सोशल मीडिया में नशापान के दुष्प्रभावों के बारे में बताई जाएगी। आकाशवाणी एवं दूरदर्शन से विषयांतर्गत प्रेरक नाटक, गीत, परिचर्चा आदि का जनहित में निःशुल्क प्रसारण किया जाएगा। यथा संभव योगाचार्यों के मार्गदर्शन में योगाभ्यास का प्रदर्शन तथा योगाभ्यास से नशामुक्त होने हेतु प्रेरक व्याख्यान किया जाएगा। भारत माता वाहिनी एवं समुदाय के सहयोग से वृहद रैली निकाली जाएगी। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नशापान से होने वाले दुष्परिणामों पर केन्द्रित व्याख्यान, चित्रकला, गीत, नृत्य, नाटक प्रतियोगिताएं तथा मानव श्रृंखला का आयोजन, समारोह स्थल पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नशा मुक्ति साहित्यों का वितरण, स्कूल कॉलेज में नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी फोटोग्राफ्स को एनएमबीए एप्प पर अपलोड करना होगा।

# नगरीय निकाय और ग्राम पंचायतों में प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाए

- **ग्रामीण सचिवालय में पटवारी,सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, बिजली विभाग और हैंडपंप मैकेनिक को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश**



**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जनपद सीईओ की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, सुशासन तिहार के लंबित प्रकरणों और प्लास्टिक मुक्त अभियान के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो का जीवों टैगिंग करने के निर्देश दिए हैं। पत्थलगांव में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा कलेक्शन चालू करने के निर्देश दिए हैं और बंद मशीन को चालू करने के लिए कहा है। मनोरा विकासखंड के सेरीग्रेशन शेड को शीघ्र चालू करने के लिए कहा है। बगीचा विकासखंड में कचरा कलेक्शन को भी चालू करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए हैं कि ब्लॉक वार रोस्टर तैयार करने स्वच्छता ग्राही, काम कर रहे हैं कि नहीं, ग्राम पंचायतों से यूजर जार्ज लिया जा रहा है कि नहीं श्रमदान अभियान चलाया जा रहा है कि नहीं जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने के लिए कहा है। शौचालय निर्माण के प्रगति की भी जानकारी ली और बरसात से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल संरक्षण संवर्धन के लिए ग्राम पंचायतों के हैंडपंप के पास सोखता गड्ढा बनाने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायतों में भी रैन हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए कहा ताकि अधिक से अधिक जल संरक्षण संवर्धन का कार्य कर सकें । कलेक्टर ने कहा कि नगरीय निकाय से लेकर ग्राम पंचायतों को प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया जाना है। और प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए संकल्प लिया जाएगा श्रमदान करके सार्वजनिक जगहों को प्लास्टिक मुक्त करने का सार्थक प्रयास करेंगे। कलेक्टर ने बरसात से पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। स्व सहायता समूह की दीदियों को स्व-रोजगार से जोड़कर लखपति दीदी बनाने के लिए कहा है। कलेक्टर ने ग्रामीण सचिवालय में पटवारी, सचिव, बिजली विभाग के मेकेनिक, हैंडपंप बनाने वाले, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित विकास खंड अधिकारियों को ग्रामीण सचिवालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने किया केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात

## पहाड़ी कोरवा,महिला सुरक्षा और केंद्रीय योजनाओं पर हुई विस्तार से चर्चा



**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें जशपुर सहित पूरे प्रदेश में महिला सुरक्षा और उनके विकास से संबंधित मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। जूदेव ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को बताया कि जशपुर जिले में विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा निवास करती है। पहाड़ी कोरवाओं को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री दिलीप सिंह जूदेव ने आजीवन प्रयास किया। अब उनके कार्यो के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में पहाड़ी कोरवा बाहुल्य क्षेत्र में अतिरिक्त पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने और प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को विकसीत करने की योजनता तैयार की गई है। इससे पहाड़ी कोरवा महिलाओं और बालिकाओं के स्वास्थ्य की समुचित देखभाल हो सकेगी साथ ही उन्हें शिक्षा से भी जोड़ा जा सकेगा। महिला सुरक्षा पर चर्चा करते हुए जूदेव ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि प्रदेश के पुलिस थाना में महिला हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही आपात स्थिति में महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराने के लिए सखी सेंटर का संचालन किया जा रहा है। स्कूल और कालेजों में पढ़ने वाली छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए स्कूलों में मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण भी समय-समय में दिया जाता है। केंद्रीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए जूदेव ने बताया कि सुपोषण और वजन तिहार के माध्यम से महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करने के साथ ही पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। गर्भवती व शिशुवती माताओं की देखभाल केंद्र सरकार के गाइड लाईन के अनुसार किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिला व बाल सुरक्षा को लेकर किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। उन्होनें महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव को आश्वस्त किया कि जशपुर सहित पूरे प्रदेश में केंद्रीय योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर वे तत्काल इसे संज्ञान में लेगीं।

## नरियरा में विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

# स्वर्गीय अनुराग सिंह की स्मृति में आयोजित शिविर में 137 लोगों ने किया रक्तदान



**जांजगीर-चाम्पा (विश्व परिवार)।** सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत नरियरा के श्री राधाबल्लभ मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय अनुराग सिंह की जन्मजयंती पर उनकी स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर में 137 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान किया गया, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंचे जांजगीर चांपा पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे ने कहा कि सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन का यह रक्तदान शिविर कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय हैं, गर्भस्थ माँ से लेकर किसी दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति तक के लिए आपात स्थिति में रक्त बहुत ही आवश्यक हैं, साथ ही विभिन्न बीमारियों जैसे सिकलिंग, एनीमिया थैलीसीमिया में भी रक्त की महती आवश्यकता होती है, नरियरा, बनाहिल दिखित (सिंह) परिवार के मुखिया डॉ. रूद्र कुमार सिंह ने कहा कि मुझे इस बात से भी पूरी प्रसन्नता है की संस्था के द्वारा नगर सहित क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता होने पर रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर इत्यादि शहरों में एक फोन कॉल पर ही आसानी से रक्त उपलब्ध कराया जाता है इसके लिए संस्था के सदस्य बहुत बधाई के पात्र हैं, जे एस डब्लू के. एस. के . पावर प्लांट प्रबंधन के प्रतिनिधि अधिकारी ने कहा कि स्वर्गीय अनुराग सिंह की जयंती पर यह आयोजन उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करने का बहुत ही नेक माध्यम है, अनुराग सिंह सदा से ही क्षेत्र में सेवा कार्यों में संलग्न रहे, लोगों के सुख-दुख में खड़े होते थे उनकी सहायता करते थे, वे प्लांट के कर्मचारी भी थे, उनकी 3 साल पहले मृत्यु हुई थी, हम उन्हे सच्चे मन से श्रद्धांजलि अर्पित करते है, भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष एवं के एस के भू विस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि भाई अनुराग सिंह के व्यक्तित्व सरल, मिलनसार, दयावान, धार्मिक सांस्कृतिक एवं पारिवारिक स्वभाव के कारण अनेक लोगों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धा सुमन श्रद्धांजलि दी एवं पिछले वर्ष से अधिक लोगों ने रक्तदान किया, वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा जी ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में निशुल्क शुगर जांच, हीमोग्लोबिन व शारीरिक जांच किया गया विशाल रक्तदान शिविर में अनुराग सिंह के मित्रगण उनके परिवार नरियरा, बनाहिल के सभी सदस्य, पावर प्लांट के स्वर्गीय अनुराग सिंह के साथ में कार्य करने वाले स्टॉप, वहां के कर्मचारी उपस्थित रहे एवं यह शिविर वेल विशर फाउंडेशन (सामाजिक संस्था) के बैनर तले शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ, राधा वल्लभ देव मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं महाराणा प्रताप शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष देव भूषण सिंह ने बताया कि परिवार जनों के द्वारा रक्त दानदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप प्रशस्ति पत्र, हेलमेट, इयरफोन, पानी बाटल वितरण किया गया, कार्यक्रम के साथ ही साथ संस्था सदस्य ग्राम कल्याणपुर निवासी वीरेंद्र साहू के द्वारा भावपूर्ण गीत की प्रस्तुति दी गई और मंच संचालन किया गया, जिससे उपस्थित स्वर्गीय अनुराग सिंह के परिजन एवं मित्रगण नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप याद किया गया सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह द्वारा घोषणा किया गया की मुलमुला थाने के अंतर्गत जो भी दुर्घटना केस में ब्लड की आवश्यकता हो तो थाने के स्टाफ की सिफारिश से हितग्राही को जल्द से जल्द रक्त उपलब्ध कराया जाएगा।

# ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति पंजीयन प्रारंभ

**जशपुरनगर (विश्व परिवार)।** आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार सरगुजा जिला में संचालित समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई, एवं पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति की पात्रता रखते हैं, उनके लिए शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in वेबसाइट पर की जा रही है। जिसके अंतर्गत विभाग विभाग द्वारा 2025-26 में नवीनीकरण आवेदन प्राप्त करने की तिथि 31 मई, 31 अगस्त, 30 नवम्बर 2025 तथा नवीन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 30 सितम्बर एवं 30 नवम्बर 2025 तक है। विद्यार्थियों को उनके आधार सीडेड बैंक खाते में भुगतान 07 कार्य दिवस में प्राप्त होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात सत्र 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा।

निर्धारित तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

# संपादकीय

## कोरोना से सरकार को अधिक सतर्कता बरतनी होगी...

देश में कोविड-19 के 257 मामलों की पुष्टि होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक ने स्थिति को लेकर बैठक की जिसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, आपात चिकित्सा राहत प्रभाग, आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद व केंद्र सरकार के अस्पतालों के विशेषज्ञ भी शामिल थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीक नजर रखे हुए है तथा सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के उचित उपाय किए जाएं। एशिया में सिंगापुर, हांगकांग, चीन व थाईलैंड में इस दफा ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जेएन1 व उसके सब-वेरिएंट एलएफ7 व एनबी1.8 जिम्मेदार बताया जा रहा है। 2023 में इसे पहली बार देखा गया था जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वेरिएंट ऑफ इंट्रेस्ट घोषित किया था जो दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पाया जा चुका है। सिंगापुर में मरीजों के अस्पताल में भर्ती के मामलों में बीते हफ्ते से 30त्न ज्यादा मामले तो हांगकॉंग में इक्यासी गंभीर मामले सामने आए हैं। हालांकि थाईलैंड व चीन ने मरीजों की संख्या का खुलासा नहीं किया है परंतु हाई अलर्ट जारी किया जा चुका है। बूस्टर डोज लेने की सलाह भी दी जा रही है। चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज प्रिवेंशन ने अंदेशा जताया है कि कोविड की लहर तेजी से बढ़ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि नया वेरिएंट न तो बहुत खतरनाक है, न तेजी से फैल रहा है। मगर गंभीर बीमारियों वाले मरीज व कमजोर लोगों को सतर्क रहने की जरूरत बताई जा रही है। इसके लक्षणों में खांसी, सिर दर्द, बुखार, आंखों में जलन, जुकाम, दस्त/उल्टियां, मांस-पेशियों में ऐंठन के साथ ही स्वाद या गंध न आना भी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 के चपेट में आकर 2020-21 के दौरान पांच लाख से ज्यादा मौत हुई थीं। हालांकि इस आंकड़े को लेकर संदेह रहा है क्योंकि अंदेशा है, संक्रमण ने इससे कहीं ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुलाया था। मगर जिस तेजी से इसके बढ़ने की खबरें आ रही हैं, उन्हें देखते हुए सरकार को अधिक सतर्कता बरतनी होगी। विशेषज्ञों को चेतावनी देने से ज्यादा जरूरी है, संक्रमण की चपेट में आ रहे देशों से आने वाले यात्रियों व सामान की सतर्कतापूर्वक जांच हो। उन्हें क्वेरंटाइन किया जाए। अपनी आबादी को देखते हुए हमें संक्रमण को लेकर चौकस रहना होगा। महामारी की बड़ी कीमत चुका चुके देश व देशवासियों को इस खतरे से आगाह करने में कोताही करना उचित नहीं कहा जा सकता।

# कैंसर रोग का जन्मदाता तंबाकू का नशा...

विजय कुमार जैन



(विश्व परिवार)। युवकों में नशे की प्रवृति निरंतर बढ़ रही है। बीड़ी-सिगरेट पीकर नशा करने की आदत किशोरावस्था में महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान बढ़ जाती है। मुंह से सिगरेट-बीड़ी लगते ही युवक किशोरावस्था में ही अनेक गंभीर बीमारियों को शरीर में जन्म दे देते हैं। वर्तमान में नशे के अनेक साधन उपलब्ध है। नशा करने बाले सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, शराब, ब्राउन शुगर आदि का उपयोग जोर-शोर से कर रहे हैं। बीड़ी-सिगरेट में निकोटीन होता है, इसके नशे का सबसे पहले असर श्वसन प्रणाली पर पड़ता है।इनके नशे का एक दुष्प्रभाव यह होता है कि यह आदत किशोरावस्था में लगती है और जीवन भर रहती है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भारत में तंबाकू के पौधे को सबसे पहले पुर्तगाली यात्री वास्कोडिगामा लेकर आया था।

तंबाकू के भारत में प्रवेश से पहले यहाँ प्राचीनकाल से भांग का नशा का किया जाता था। अन्य प्रकार के नशों की अपेक्षा भांग से कैंसर नहीं होता है। धूम्रपान करने बालों के फेफड़ों में कमजोरी आ जाती है,अथवा फेफड़ों में बीमारी प्रवेश कर लेती है। जबकि जो नशा नहीं करते हैं उन्हें यह स्थिति नहीं होती है। एक सर्वेक्षण के अनुसार यह आंकड़े सामने आये है कि पुरुषों में 50 प्रतिशत एवं महिलाओं में 20 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के कारण ही होता है। 25 से 60 आयु समूह में मरने वालों में 25 प्रतिशत धूम्रपान के कारण मौत के मुँह में चले जाते है। यह भी उल्लेखनीय है कि धूम्रपान करने वालों में क्षय रोग टीबी की बीमारी के कीटाणु लगने की आशंका अन्य लोगों से चार गुना ज्यादा होती है। कैंसर इन्स्टीट्यूट नई दिल्ली के कैंसर चिकित्सा सेवा विभाग के तत्कालीन निदेशक डॉं पुनीत गुप्ता ने कुछ समय पूर्व एक चर्चा के दौरान बताया तंबाकू की पत्तियों में करीब चार हजार रसायन होते हैं, जिनमें से 60 रसायन मनुष्य के शरीर में जाकर डीएनए, आर एन ए और प्रोटीन की संरचना में बदलाव



करके गंभीर रोग कैंसर को पैदा करते हैं।

डॉं पुनीत गुप्ता के अनुसार जब तंबाकू से बने सिगरेट या सिगार को सुलगाया जाता है तो चार हजार रसायनों में से कुछ कैंसर जन्य रसायनों में बदल जाते हैं।जब तंबाकू का सेवन शराब के साथ किया जाता है तो कैंसर पैदा करने की उसकी क्षमता बहुत अधिक बढ़ जाती है। इसलिए तंबाकू का सेवन किसी भी रूप में घातक है। सिगरेट सिगार या बीड़ी का एक कश भी मानव शरीर के लिये हानिकारक है। एक सर्वेक्षण में यह तथ्य भी सामने आये है कि देश में तंबाकू का सेवन एवं धूम्रपान जानलेवा महामारी का रूप धारण कर चुका है। आम लोगों में इस बुरी आदत को छुड़ाने में मनोवैज्ञानिक उपचार कारगर साबित हुए है। अनेक अध्ययनों से ऐसे प्रमाण मिले है कि मनोवैज्ञानिक उपाय एवं उपचार से धूम्रपान छोड़ने बालों की संख्या बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी कहा है कि तंबाकू खाना पूरी तरह से बंद करने से कैंसर तथा पूर्व कैंसर के 60 प्रतिशत मामलों को रोका जा सकता है। सर्वेक्षण में यह भी उल्लेख किया है भारत में 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं और दुनियाभर में धूम्रपान करने बालों की संख्या के हिसाब से चीन के बाद हमारा भारत दूसरे स्थान पर है। एक अध्ययन के अनुसार धूम्रपान करने बालों की तुलना में कैंसर से मरने बालों की संभावना सात गुना अधिक होती है। यह भी कहा है शराब और अन्य नशीले पदार्थों के साथ तंबाकू का सेवन तंबाकू के दुष्प्रभाव को और बढ़ा देता है। 50 की उम्र के बाद धूम्रपान को रोकने पर कैंसर का खतरा आधा हो जाता है जबकि 30 की उम्र में धूम्रपान रोकने पर इसके सभी दुष्प्रभावों से बचा जा सकता है। विगत वर्षों भारत सरकार ने संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में जानकारी दी थी तंबाकू का बाजार विश्व स्तर पर हर वर्ष 8.5 प्रतिशत से बढ़ रहा है। भारत में भारत सरकार द्वारा हर वर्ष सिगरेट पर जी एस टी में वृद्धि करने के वावजूद सिगरेट की खपत में दिन रात वृद्धि हो रही है। यहाँ विशेष रूप से उल्लेख करना चाहेंगे कि धूम्रपान करना सिगरेट का कश लम्बे समय तक खींचकर नशा करने से अनेक बीमारियाँ मानव शरीर में प्रवेश कर जाती हैं। सिर, गले, फेफड़े, आहार नली, किडनी, पैक्रियाज,स्तन एवं सर्वाइकल में कैंसर हो सकता है। इसके अलावा हृदय रोग और स्ट्रोक के अलावा पैरों में वैस्कुलर रोग के खतरे बढ़ जाते है। इसका इलाज नहीं है।

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय इंदौर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ अमित रावत से मेरी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई आपका कहना है ओरल कैंसर भारत में एक बड़ी समस्या है, देश में शीर्ष तीन प्रकार के कैंसर में इसका स्थान है। डॉ अमित रावत ने बताया, ऊजब शरीर के ओरल कैविटी के किसी भी भाग में कैंसर होता है तो इसे ओरल कैंसर कहा जाता है। ओरल कैविटी में होंठ, गाल, लार ग्रंथिया, कोमल व हार्ड तालू, यूवुला, मसूड़ों, टॉन्सिल, जीभ और जीभ के अंदर का हिस्?सा आते हैं। ओरल कैंसर आज हमारे देश की एक प्रमुख समस्या के रुप में बीमारी उभरी है सबसे ज्यादा पुरुषों में पाया जाता है इसका मुख्य कारण पान मसाला तंबाकू बीड़ी सिगरेट का प्रयोग करना है एल्कोहल भी इसका कारण है। ओरल कैंसर से पूरी तरह बचा जा सकता है। सभी का योगदान बहुत जरुरी है। तबाकू में करीब पांच सौ तरीके के हानिकारक तत्व होते हैं जिनमें से 50 ऐसे हैं जिन्हें हम कार्सिनोजन कहते है।कैसे होता है ओरल कैंसर-

1. स्मोकिंग-सिगरेट, सिगार, हुक्का, इन तीनों चीज़ों के आदी लोगों को एक नॉनस्मोकर के मुकाबले माउथ कैंसर होने का 6 फीसदी ज्यादा खतरा होता है।

2.तंबाकू-माउथ कैंसर होने का खतरा तंबाकू सूंघने, खाने या चबाने वाले लोगों को उनकी तुलना में 50 फीसदी ज्यादा होता है, जो तंबाकू यूज़ नहीं करते। माउथ कैंसर आम तौर पर गाल, गम्स और होंठों में होते हैं।

3. एल्कोहल-शराब पीने वालों को माउथ कैंसर होने का खतरा बाकी लोगों से 6 फीसद ज्यादा होता है। तम्बाकू सेवन युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप है। वर्ष 2020 में कोरोना महामारी से पीड़ित रहे लोगों एबम ब्लैक फंगस के मरीजो में भी तम्बाकू उपयोग करने बाले लोगों को अधिक इन्फेक्शन हो रहा है।मेरे मित्र समाज सेवी एवं पिछले लगभग 30 वर्ष से ऊगुटखा हानिकारक है नशा मुक्ति अभियान चला रहे माली कृष्ण गोपाल कश्यप जिन्हें उत्कृष्ट कार्य के विगत वर्ष मध्यप्रदेश शासन द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया है। कश्यप का कहना है वर्तमान में नशीले गुटखा पाउच का प्रचलन ज्यादा हो रहा है। गुटखा पाउच को सभी उम्र के लोग खा रहे हैं। गुटखा खाने से मुंह का कैंसर होता है। गुटखा में तंबाकू के साथ और भी नशीली वस्तुओं का मिश्रण किया जाता है। आपका कहना है गुटखा पाउच जिसे हम चाव से खाते है वह कैंसर को शीघ्र जन्म दे रहा है।

## आलेख

# देश से आतंकवादियों का सफाया बहुत जरूरी...

गिरीश पांडे

ऑपरेशन सिंदूर' के तहत जिस प्रकार भारत के डिफेंस सिस्टम के सामने चीन की मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन बेहद बौने और फेल साबित हुए, ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी देखने को मिली। भारत के इस अभियान के दौरान ट्रंप काफी सक्रिय दिखे और उन्होंने अपनी चौधराहट दिखाने के लिए 'मान न मान मैं तेरा मेहमान' की तर्ज पर जहां अपनी ओर से सबसे पहले सोशल मीडिया के जरिए भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की सूचना दी, वहीं एक कदम और आगे बढ़ते हुए उनका कहना था 'हमने भारत-पाक संघर्ष को रोकने में बहुत मदद की। मैंने दोनों देशों से कहा कि अगर आप संघर्ष रोकते हैं तो हम व्यापार करेंगे, नहीं तो कुछ नहीं।' और फिर अचानक कहा, 'ठीक है, हम रु कते हैं, और वे रुक गए।' यह वक्तव्य था ट्रंप का जबकि यह सत्य से बिल्कुल परे था और ट्रंप द्वारा संघर्ष विराम का श्रेय लेने, व्यापार संबंधित धमकी एवं कश्मीर की मध्यस्थता से जुड़े बयान को भारतीय विदेश मंत्रालय ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साफ तौर पर कह दिया है कि पाकिस्तान के साथ सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद के मुद्दे पर ही चर्चा होगी और न्यूक्लियर ब्लेकमेल बर्दाश्त नहीं होगा, वहीं पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए यह भी कहा है कि खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आंतकवाद एक साथ नहीं चल सकते। बाद में ट्रंप ने अपने सुर बदलते हुए कहा, 'मैं यह नहीं कहना चाहता कि मैंने ही यह किया, लेकिन मैंने जरूर पाकिस्तान और भारत के बीच समस्या सुलझाने में मदद की।' जबकि अमेरिका की छीछालेदर तो स्वयं पाकिस्तान ने उस समय कर दी थी जबट्रंप के संघर्ष विराम की घोषणा के तीन घंटे के भीतर ही पाकिस्तान ने चीन के उकसावे पर संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और अमेरिका को वि समुदाय के समक्ष मुंह की खानी पड़ी। यहां यह उल्लेख करना भी जरूरी होगा कि पहलगाम में पाकिस्तान की इस घिनौनी हरकत के बावजूद उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से मिलने वाले कुल 2.3 बिलियन डॉलर कर्ज में भी अमेरिका की भूमिका अप्रत्यक्ष रूप से काफी महत्त्वपूर्ण रही है। इसका कारण यह है कि अमेरिका आईएमएफ का सबसे बड़ा शेयरधारक (स्टेकहोल्डर) है, और उसके पास आईएमएफ के निर्णयों पर प्रभाव डालने की क्षमता है, जबकि भारत ने इसका पुरजोर विरोध किया था। असल में पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से जो रौद्र रूप अपनाया उसकी पाकिस्तान को कल्पना तक नहीं थी। भारतीय जल, थल और नभ, तीनों सेनाओं के रणबांकुरों ने युद्ध में जो पराक्रम दिखाया, उससे पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ। भारतीय हमले की जद में पाकिस्तान का परमाणु जखीरा भी आ गया जिस पर पाकिस्तान को नाज था और भारत को बार-बार गीदड़भभकी देता था। इससे घबराया पाकिस्तान अमेरिका की शरण में जाकर सीजफायर करवाने के लिए गिड़िगड़ाया और उसके बाद उसके सैन्य अभियान महानिदेशक ने भारत से संपर्क साधा। चीन और तुर्किए ने भी पाकिस्तान की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने में सहयोग का आासन देकर उसके प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की, लेकिन चीन ने पाकिस्तान को हथियारों की सप्लाई किए जाने का खंडन किया, जबकि स्टॉकहोम इंटरनेशल पीस रिसर्च (सिपरी) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान ने 2020-24 तक चीन के हथियारों की खरीद का 81 प्रतिशत हासिल किया है। असल में चीन को अब अपने हथियारों की गुणवत्ता और उन्हें निर्यात करने में आने वाली परेशानी का पता है। 'ऑपरेशन सिंदूर' से चीन भी निश्चित तौर पर आतंकित होगा क्योंकि पहले ही पूर्वी लद्दाख की घटना में भी उसने भारत की सैन्य शक्ति को देख लिया था और 4 साल से अधिक समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद उसे पीछे हटना पड़ा था। जहां तक तुर्किए का संबंध है, तो यह वही तुर्किए है जहां फरवरी, 2023 में आए तीव्र भूकंप के बाद जिस तरीके से भारत की ओर से 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भारतीय सेना ने आपदा के 12 घंटे के भीतर राहत सामग्री के साथ अपने बचाव दल तैयार कर वहां भेजे थे। इसलिए हम इसे तुर्किए की एहसानफरामोशी की इंतिहा नहीं कहेंगे तो और क्या कहेंगे।

# वर्तमान जीवन शैली:सुविधा में वृद्धि,संतुलन में कमी

-डॉ. सुनील जैन



समय बदलता है, और समय के साथ मनुष्य भी। यह परिवर्तन विकास की दिशा में हो तो शुभ होता है, परंतु जब जीवन की गति, उद्देश्य और संतुलन नष्ट हो जाए, तब चिंतन आवश्यक हो जाता है। आज की आधुनिक जीवनशैली ने सुविधा के क्षेत्र में जितनी प्रगति की है, संतुलन के क्षेत्र में उतनी ही गिरावट आई है। वर्तमान युग में जीवन की गति अत्यधिक तीव्र हो गई है। तकनीकी प्रगति, वैश्विक संपर्क, और उपभोक्तावादी संस्कृति ने जीवन को पहले से अधिक सुविधाजनक तो बना दिया है, परंतु इसके साथ ही यह जीवन शैली अनेक मानसिक, शारीरिक और सामाजिक समस्याओं को जन्म दे रही है। आज का मनुष्य अधिक काम करता है, परंतु कम शांति प्राप्त करता है; अधिक जुड़ा रहता है, फिर भी अकेलापन अनुभव करता है। पहले लोग सूरज उगने के साथ उठते थे, अब मोबाइल अलार्म के बाद भी नहीं उठते। पहले भोजन खेत से आता था, अब फैक्ट्री से। पहले परिवार साथ बैठकर खाता था, अब हर सदस्य स्क्रीन के सामने अकेला। इस आलेख में हम वर्तमान जीवन शैली की विशेषताओं, इसके प्रभावों और समाधान की दिशा में आवश्यक सोच पर चर्चा करेंगे। जीवन शैली में परिवर्तन: पूर्व में जीवन प्राकृतिक चक्रों के अनुरूप चलता था। दिन का आरंभ सूर्योदय के साथ होता और रात्रि विश्राम में बीतती थी। परंतु आज की जीवनशैली कृत्रिम रोशनी, 24×7 कार्यसंस्कृति और इंटरनेट की दुनिया में डूबी हुई है। लोगों की दिनचर्या अनियमित हो गई है और संतुलन गायब हो चुका है। तकनीकी विकास और उसका प्रभाव: मोबाइल, कंप्यूटर, इंटरनेट, सोशल मीडिया आदि ने जीवन को सुविधा से भर दिया है, लेकिन इनका अत्यधिक उपयोग चिंता, नींद की कमी, और सामाजिक अलगाव का कारण भी बनता जा रहा है। वर्चुअल दुनिया ने वास्तविक संबंधों को पीछे छोड़ दिया है। भोजन और स्वास्थ्य की स्थिति: व्यस्त जीवन के कारण आज का मनुष्य जंक फूड, डिब्बाबंद और तैलीय खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो गया है। इसका परिणाम है—मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों में वृद्धि। शारीरिक श्रम की कमी और मानसिक तनाव ने रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कम कर दिया है। पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में बदलाव: भौतिकतावादी दृष्टिकोण के कारण परिवारों में संवाद घटा है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों ने ले ली है। बुज़ुर्ग उपेक्षा के शिकार हैं, और बच्चों का लालन-पालन तकनीकी माध्यमों से हो रहा है। हम की जगह मैं ने ले ली है। मानसिक स्वास्थ्य और तनाव: असुरक्षा की भावना, प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाओं का बोझ और सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति ने युवाओं में अवसाद, चिंता, और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्याओं को जन्म दिया है। मानसिक शांति दुर्लभ होती जा रही है। समाधान की दिशा में सोच: संतुलन




आवश्यक है: जीवन में कार्य और विश्राम, परिवार और व्यक्तिगत लक्ष्य, तकनीक और प्रकृति के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है। योग और ध्यान का महत्व: योग, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास से मानसिक तनाव कम किया जा सकता है और जीवन में सकारात्मकता लाई जा सकती है। प्राकृतिक जीवन की ओर लौटें: रासायनिक रहित भोजन, समय पर निद्रा, नियमित व्यायाम और प्राकृतिक परिवेश में रहना आवश्यक है। संपर्क और संवाद बढ़ाएं: परिवार और समाज में संवाद को प्रोत्साहित करना, बुजुर्गों का सम्मान, और बच्चों के साथ समय बिताना जीवन को समृद्ध बनाता है। डिजिटल डिटॉक्स करें : सप्ताह में एक दिन बिना मोबाइल, टीवी और लैपटॉप के बिताएँ। साधनों के दास नहीं, स्वामी बनें: तकनीकी साधनों का उपयोग करें, परंतु उन पर निर्भर न हो जाएं। आत्मनियंत्रण आवश्यक है। प्रेरक प्रसंग: ऋषभदेव की जीवनशैली: प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव ने भोग से योग की ओर समाज को प्रवृत्त किया। उन्होंने 100 पुत्रों को संयम और संतुलन की शिक्षा दी। उनका जीवन सिखाता है कि भौतिक प्रगति का भी संतुलन आवश्यक है। महात्मा गांधी का कथन: साधन शुद्ध होंगे तो साध्य भी शुद्ध होगा। गांधीजी का जीवन प्राकृतिक, आत्मनिर्भर और संतुलित जीवनशैली का उदाहरण है। निष्कर्ष: प्रतिस्पर्धा, सोशल मीडिया तुलना और समय की कमी ने मन को अशांत कर दिया है। बच्चों से लेकर बुज़ुर्ग तक तनाव, चिंता और अवसाद के शिकार हो रहे हैं। अत्यधिक बैठकर काम करने से मोटापा, पीठदर्द, हृदय रोग आम हैं। फास्ट फूड संस्कृति ने प्राकृतिक पोषण को नष्ट कर दिया है। तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ में एक प्रमुख सूत्र है-परस्परोपग्रहो जीवानाम् , अर्थात जीवन का उद्देश्य है—एक-दूसरे की सहायता करना। लेकिन आज एकल परिवार और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा ने सामाजिक संपर्क और संवेदना को कम कर दिया है। वर्तमान जीवन शैली ने जहाँ जीवन को सरल बनाया है, वहीं कई नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। यदि हम इन परिवर्तनों को समझकर जीवन में संतुलन, संयम और संवेदना का समावेश करें, तो आधुनिक जीवन भी एक सार्थक, शांत और सशक्त जीवन बन सकता है। सुख-सुविधाएँ हों, परंतु उसके साथ आत्म-संतोष और मानवता का भाव बना रहे — यही सच्ची आधुनिकता है। वर्तमान जीवनशैली को पूरी तरह त्यागना संभव नहीं, पर उसमें सुधार लाना आवश्यक है। तकनीक का उपयोग हो, पर जीवन पर अधिकार न हो। हम जितना संयमित, सजग और संवेदनशील बनें, उतना ही जीवन सरल, सुंदर और संतुलित होगा।

# शस्त्र और शास्त्र, दोनों धरातलों पर ध्वस्त पाकिस्तान

राकेश सैन

पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिन्दू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। जैसा कि 'बाजीराव मस्तानी' फिल्म में सभी ने देखा कि पेशवाई के लिए साक्षात्कार के समय बाजीराव ने अपने तीर से मोरपंख का आकार कम कर अपनी 'शस्त्र और शास्त्र' के ज्ञान में पारंगता का प्रमाण दिया। उनका संदेश था कि मोर का पंख मुगल साम्राज्य है, इसकी जड़ पर प्रहार करो व अपने आप नष्ट हो जाएगा। अभी पाकिस्तान के साथ हुए टकराव के समय भी भारत ने 'शस्त्र और शास्त्र' दोनों धरातलों पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। शस्त्र के धरातल पर तो सभी जानते हैं कि कैसे भारत ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, वहां की वायु रक्षा कवच को तहस नहस करते हुए अपनी अचूक नभ सुरक्षा व्यवस्था का परिचय दिया लेकिन इसके साथ-साथ हमने पाकिस्तानी सेना अध्यक्ष जनरल मुनीर द्वारा अलापे गए धर्म के नाम पर दो राष्ट्र के सिद्धांत को भी धाराशाही कर दिया। सन 1817 में पैदा हुए मुस्लिम विद्वान सर सैयद अहमद खान ने अंग्रेज सरकार के सामने यह सिद्धांत दिया था कि मुसलमान एक अलग राष्ट्र हैं। उनका यही विचार आगे चल कर दो राष्ट्र सिद्धांत बना जिससे 1947 में धर्म के नाम पर देश का विभाजन हुआ। कट्टरपंथ, जनूनी हिंसा और हमारे नेतृत्व की कमजोरी के चलते चाहे भारत ने धर्म के नाम पर हुए इस बंटवारा स्वीकार कर लिया परन्तु वैचारिक धरातल पर यह कभी नहीं माना कि पूजा पद्धति अलग होने से किसी की राष्ट्रीयता अलग हो जाती है। भारत की युगों से अवधारणा रही है 'एकम् सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' अर्थात ईश्वर एक है, पर विद्वान उसे अलग-अलग नामों से पुकारते हैं। इसी विश्वास के कारण ही हम 1947 में हुए विभाजन को अप्राकृतिक व ईश्वर की इच्छा के विपरीत मानते हुए पुन: अखण्ड भारत की बात करते हैं। लेकिन पिछले महीने 17 अप्रैल को पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर ने सैयद अहमद खान के उस विषाक्त द्वि-राष्ट्र सिद्धांत को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि 'इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिन्दू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।' मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाक सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड को सम्बोधित करते हुए कहा, 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिन्दू एक नहीं, बल्कि दो



अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं जैसे धर्म, रीति-रिवाज, परम्परा, सोच और आकांक्षाओं में हिन्दुओं से अलग हैं।' जनरल मुनीर सम्बोधित चाहे पाकिस्तानी रंगरूटों को कर रहे थे परन्तु उनकी चिट्ठी का पता भारतीय मुसलमान थे। याद करें कि यह लगभग वही समय था जब भारत में कुछ छद्मधर्मनिरपेक्ष दलों की तुष्टिकरण की नीति के चलते वक्फ बोर्ड अधिनियम में संसद द्वारा किए गए संशोधन के कारण यहां मुस्लिम भावनाएं भडक़ी हुई थीं। इस दौरान बंगाल में साम्प्रदायिक दंगे भी हुए जिसमें कई निर्दोष हिन्दुओं ने जानें भी गंवाई और अपमान भी झेले। जनरल मुनीर ने ऐसे संवेदनशील मौके पर आंच में भूसा झोंकने का काम करते हुए भारत के मुसलमानों में फिर से द्वि-राष्ट्र सिद्धांत स्थापित करने का कुत्सित प्रयास किया। यह वैचारिक विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया कि हिन्दुओं के चलते भारत के मुसलमान चैन से नहीं रह सकते। साम्प्रदायिक हिंसा भडक़ाने के लिए उसने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगांव पर आतंकी हमला करवाया जिसमें हिन्दुओं को छांट-छांट, उनका खतना जांच कर मौत के घाट उतारा गया। कहने का भाव कि पाकिस्तान ने आतंकी हमले के रूप में 'शस्त्र' और द्विराष्ट्र सिद्धांत के रूप में 'शास्त्र' दोनों धरातल पर हमले किये। लेकिन भारत ने 'शठे शाठ्यम समाचरेत' अर्थात जैसे को तैसा नीति पर चलते हुए दोनों हमलों की धार को पूरी तरह कुन्द कर दिया। भारत ने दुश्मन पर शस्त्र से आघात तो किया ही साथ में आपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए जिन दो महिला सैन्य अधिकारियों विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह व कर्नल सोफिया कुरैशी को जिम्मेवारी सौंपी गई वो भारतीय सांस्कृतिक एकता की परिचायक बनीं। केवल इतना ही नहीं, आपरेशन सिंदूर की सफलता का दुनिया को संदेश देने के लिए जिस प्रतिनिधिमण्डलों का चयन किया गया है उसमें बहुदलीय व बहु-उपासना पद्धति से जुड़े नेता शामिल किए गए हैं। आपरेशन के दौरान पाकिस्तान के सामने पूरा देश एक साथ मुट्ठी तान कर खड़ा हो गया। वैसे जनरल मुनीर की द्वि-राष्ट्र के विषाक्त सिद्धांत वाली वैचारिक जुगाली उस समय भी स्वत: ही खारिज हो जाती है जब मुसलमान होते हुए भी तालिबान पाकिस्तान को अपना दुश्मन घोषित कर देता है और बलोचिस्तान मुक्ति सेना हमधर्मी पाक सेना के खून से होली खेलती है। मुसलमान मजहब के नाम पर एक राष्ट्र होते तो पाकिस्तान से बंगलादेश अलग क्यों होता? इरान-इराक में युद्ध क्यों होते? 51 देशों में विभक्त इस्लामिक जगत अभी तक धर्म के नाम पर एक राष्ट्र क्यों नहीं बन पाया? इसी द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत के ताबूत पर अब भारत के आपरेशन सिन्दूर ने एक और मजबूत कील ठोक दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री आवास के पात्र 170 हितग्राहियों की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में किया गया चस्पा

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पोटिया कला में निर्मित 116



आवास में से वर्तमान में 7 आवास हितग्राही अंशदान नहीं पटने की वजह से निरस्त किया गया है। रिक्त आवास हेतु 170 हितग्राही प्रतिक्षारत हैं।जानकारी के मुताबिक सभी हितग्राहियो को फोन के द्वारा सूचित किया जा चुका है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर विभागीय द्वारा पात्र 170 हितग्राहियो की सूची डाटा सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यालय में चस्पा किया गया है ! प्रतीक्षारत हितग्राहियो को सूचित किया जाता है कि वे डाटा सेंटर में संपर्क कर इच्छुक हितग्राही तीन दिवस के भीतर हितग्राही अंशदान राशि जमा करें! 3 दिवस पश्चात् यदि हितग्राहियो द्वारा रकम जमा नहीं किया जाता ऐसी स्थिति में हितग्राहियो का अवसर समाप्त माना जायेगा।

### पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड संधारण नहीं होने पर बिफरी महापौर, स्टेशन मरोदा की समस्या से रूबरू हुई महापौर शशि




**रिसाली ( विश्व परिवार )।** शिव पारा स्टेशन मरोदा में पाइप लाइन को भूमिगत करने के बाद सड़क मरम्मत नहीं होने पर रिसाली महापौर शशि सिन्हा नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ठेकेदार को सड़क मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए है। मॉर्निंग विजिट के तहत महापौर शशि सिन्हा सफाई व्यवस्था का भी वार्ड 17 पहुंचकर जायजा ली। महापौर शशि सिन्हा सुबह 7:30 बजे शिव पारा स्टेशन मरोदा पहुंची। महापौर सबसे पहले सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए नागरिकों से मुलाकात की। सफाई कर्मी की उपलब्धता और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की समीक्षा करते हुए उन्होंने नागरिकों से बातचीत की। इस दौरान नागरिकों और क्षेत्रीय पार्षद गजेन्द्री कोठारी ने भूमिगत पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य में सड़क समतलीकरण नहीं होने की बात को प्रमुखता से रखा। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य करने वाले एजेंसी को तलब कर तत्काल सड़क ठीक कराए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास समेत पार्षद गजेन्द्री कोठारी और निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

**नागरिकों ने महापौर समक्ष रखी मांग**- राम वर्मा के घर से संतोषी साहू के घर तक नाली निर्माण। तिरंगा चौक में ग्रील लगाने की मांग। सुलभ शौचालय के पास नाली निर्माण। शिव पारा में प्रकाश व्यवस्था बेहतर के साथ-साथ विद्युत तार की व्यवस्था। लो प्रेशर की शिकायत का निराकरण। तिरंगा चौक में मंच निर्माण।

### मोरध्वज की कहानी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने उठी मांग, सुशासन में पीपला ने जनसमस्याओं को लेकर रखे मुख्यमंत्री से मांग

**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को ग्राम भैंसा में सुशासन शिविर के तहत आयोजित समाधान शिविर में स्वयंसेवी संगठन पीपला




वेलफेयर फाउंडेशन ने जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर अनेक मांग रखे। जिसमें प्रदेश में खराब सड़कों का शीघ्र मरम्मत कराने,कला संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण विभागों में छत्तीसगढ़ के निवासी आईईएस अधिकारियों की नियुक्ति को प्राथमिकता देने, स्वच्छता,यातायात नियम, स्वास्थ्य जागरूकता,जल प्रबंधन व संरक्षण, प्रदूषण,पौधरोपण तथा संरक्षण,जैसे जन समस्याओं पर आधारित विषयों को स्कूली पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल करने,महादानी राजा मोरध्वज की कहानी को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कराने सहित धार्मिक व पुरातात्विक नगरी आरंग को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग किए हैं।

## जैन बन्धु मनाएंगें शनिवार को श्रुत पंचमी समारोह, जिनवाणी की पूजा सहित होंगे श्रुत स्कन्ध पूजा विधान

**आचार्य श्री आदिसागर (अंकलीकर) महाराज का 110वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाएंगे**

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन बन्धुओं द्वारा शनिवार, 31 मई ज्येष्ठ शुक्ला पंचमी को श्रुत आराधना महापर्व-श्रुत पंचमी समारोह मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन किये जाएंगे।

राजस्थान जैन सभा जयपुर उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी शुभ तिथि को इस युग के अंतिम तीर्थंकर व वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के मोक्षगमन के उपरांत उनकी दिव्यध्वनि से प्राप्त वाणी का लेखनकार्य श्री षटखंडागम ग्रंथ के रूप में पुष्पदंत व भूतबलि महराज के द्वारा सम्पन्न हुआ था। तीर्थंकर प्रभु की दिव्य ध्वनि से प्राप्त वाणी, जो समस्त जीवों के कल्याण की आधार है, उस वाणी के लेखन कार्य के क्रम में प्रथम ग्रंथ के लेखन की पूर्णता ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी इसी तिथि को हुई थी। तभी से सभी श्रावकों ने इस तिथि को विशेष पर्व को मनाना प्रारम्भ किया। राजस्थान जैन जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक शनिवार, 31 मई को श्रुत पंचमी पर्व भक्ति भाव से मनाया जावेगा। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता, जिनवाणी की पूजा सहित श्रुत स्कन्ध पूजा विधान किया जावेगा।शहर में




राजस्थान जैन साहित्य परिषद् जयपुर के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली जायेगी। श्री जैन के मुताबिक बीलवा के श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नांग्ल्या में गणिनी आर्यिका नंगमति माताजी के सानिध्य में विशेष आयोजन किया जाएगा। दुर्गापुरा के श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्र प्रभजी में मुनि जयकीर्ति महाराज के सानिध्य में श्रुत पंचमी महोत्सव मनाया जाएगा। उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज के सानिध्य में ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियान में विशेष आयोजन किए जाएंगे।

विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक झोटवाड़ा के पटेलनगर स्थित श्री 1008 चन्द्र प्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार 31 मई को श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी की अक्षुण्ण परम्परा में बीसवीं सदी के ज्येष्ठाचार्य दिगम्बर श्रमण परम्परा के उन्नायक आचार्य आदिसागर (अंकलीकर) महाराज का 110 वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया जाएगा। श्री जैन के मुताबिक इस मौके पर प्रात: 5.30 बजे नित्य कलशाभिषेक, प्रात: 6.15 बजे आदिसागर गुरुदेव के कलशाभिषेक, प्रात: 7.15 बजे से पं. वैभव शास्त्री के निर्देशन में आदिसागर गुरुदेव की पूजा विधान किया जाएगा। राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी शुभ तिथि को श्रुत आराधना महापर्व-श्रुत पंचमी है।भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष गमन के बाद उनकी वाणी का पूर्वाचार्यों द्वारा लेखन कार्य हुआ अत: वर्तमान में भी भगवान की वाणी हम लोगों के बीच उपलब्ध है जिसको हम लोग निर्ग्रन्थ मुनिराजों के माध्यम से जानते हैं।

## लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने समिति सदस्यों एवं अधिकारियों के साथ की बैठक



**आगामी मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति मे समस्त वार्डो के गढ्ढों में डस्ट फिलिंग का कार्य शीघ्र मरम्मत संधारण मद से कराया जाने के निर्देश**

**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम/ महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मार्गदर्शन में आज दिनांक दिन बुधवार को नगर नियोजन एवं लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर के अध्यक्षता में एमआईसी चेम्बर में समिति सदस्यों व विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया, जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा एवं सदस्यों ने निर्णय लिया गया। लोक कर्म प्रभारी श्री चन्द्राकर ने कहा कि वार्ड के 15 सतनाम पारा आर्युवेदिक अस्पताल के पिछे सास्कृतिक भवन निर्माण कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु ठेकेदार को संबंधित इंजिनियर के साथ कार्य का सेडयूल तैयार कर कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि आगामी मानसून के दौरान बाढ़ की स्थिति मे समस्त वार्डों के गढ्ढों में डस्ट फिलिंग का कार्य मरम्मत संधारण मद से कराया जाये जिस हेतु समस्त 60 वार्डों के उप अभियंता द्वारा स्थल का चिन्हांकन कर प्राक्कलन तैयार किया जाये ।साथ ही उन्होंने कहा कि वार्ड कं. 44 में सतनाम भवन के कार्यों का आर्किटेक से स्थल के अनुरूप ड्रॉईंग डिजाईन प्राप्त कर संबंधित अभियंता द्वारा स्थल पर शीघ्र लेआउट प्रदान किया जाये,इसके अलावा पूर्व में महापौर निधि एवं पार्षद निधि (पिछला वित्तीय वर्ष) की रोकी गई राशि की मांग के लिए शासन को पत्र भेजा जाना है।

## जैन साधु साध्वियों की रोड़ एक्सीडेंट में मौत दुर्घटना नहीं साज़िश, जैन संवेदना ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**28 मई को आचार्य पुण्डरीक सूरीश्वर जी की पाली राजस्थान व आज बारडोली गुजरात में अभिनन्दन मुनि का रोड़ एक्सीडेंट में देवलोकगमन**


**रायपुर ( विश्व परिवार )।** साधु साध्वियों के आशीर्वाद से बनी सरकार षड्यंत्र पर कार्यवाही करे विगत कुछ वर्षों में सैकड़ों जैन साधु साध्वियों की सड़क दुर्घटना में देवलोकगमन हो गया है, सभी घटनाओं में साधु साध्वी सड़क किनारे चल रहे होते हैं, ट्रक या भारी वाहन पीछे से टक्कर मार कर



निकल जाते हैं। यह दुर्घटना नही अपितु अल्पसंख्यक समुदाय के साधु साध्वियों की सुनियोजित हत्या का षडयंत्र प्रतीत होता है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री श्री अमित शाह को पत्र लिखकर इसकी जानकारी भेजी है व अल्पसंख्यक जैन समुदाय के साधु साध्वियों की विहार, पद यात्रा में मौत पर जांच की मांग रखी है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने अभी 28 मई की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पाली, राजस्थान की धरती पर, जैन संत आचार्य पुंडरिक रत्न सुरीश्वर जी महाराज को एक तथाकथित 'सड़क दुर्घटना' में हमसे छीन लिया गया। पर क्या यह सच है? जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे किसी दुर्घटना की ओर नहीं, बल्कि एक क्रूर, सुनियोजित और प्रायोजित हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शी गुरु भगवंतों का दिल दहला देने वाला खुलासा- पूज्य संतश्री कच्चे रास्ते से विहार कर रहे थे। तभी एक भारी वाहन (ट्रक) पक्की सड़क से उतरकर, जानबूझकर कच्चे रास्ते पर आया, संतश्री को बेरहमी से टक्कर मारी और फिर वापस पक्की सड़क पर चढ़कर फरार हो गया! यह कोई आकस्मिक घटना नहीं हो सकती! यह एक विशेष प्रयोजन के साथ 'कूल-माइंडेड मर्डर' है, जिसे अंजाम देने के लिए हत्यारे ने जानबूझकर अपना रास्ता बदला। आज प्रात: ही पूज्य प्रवर्तक श्री प्रकाश मुनि जी म सा के शिष्य पूज्य श्री अभिनन्दन मुनि जी म सा का बारडोली गुजरात सड़क किनारे एक्सीडेंट में देवलोकगमन हो गया है। ऐसी पिछली कई घटनाओं में समानता है यह अत्यंत चिंताजनक है। पिछले कुछ समय में देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेषकर जैन संतों और अन्य साधुओं के साथ, संदिग्ध 'सड़क दुर्घटनाओं' की एक श्रृंखला देखी गई है जिनमें कार्यप्रणाली आश्चर्यजनक रूप से समान रही है, तेज रफ्तार भारी वाहन द्वारा टक्कर मारना और फरार हो जाना। यह पैटर्न किसी गहरे षड्यंत्र या संगठित गिरोह की ओर इशारा करता है।

## श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, जहां मानवता का मशाल बना मिसाल

**आरंग ( विश्व परिवार )।** किसी ने सच ही कहा है। लोग आते-जाते रहते हैं किंतु संगठन या संस्थान अजर-अमर होते हैं। नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल इसका जीवंत उदाहरण है।जहां मानवता का मशाल जमाने



के लिए मिसाल बना हुआ है। गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं का गुणवत्तापूर्ण इलाज होता है। वह भी नि:शुल्क. यही वजह है, कि सात समंदर पार से भी लोग यहां स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। आज की महंगी चिकित्सा के बीच यदि कोई स्वास्थ्य संस्थान नि:शुल्क और कारगर चिकित्सा उपलब्ध करा रहा हो, तो मानकर चलिए कि उस संस्थान की बुनियाद में निष्ठा का गारा और मानवता की ईंटें रखी गई हैं। निष्ठा, मानवता और समर्पण के भाव ने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के नाम को सार्थक कर दिया है। यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या की में न केवल प्रदेश, बल्कि देश-विदेश से भी लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं। इस संस्थान का ध्येय वाक्य है, मानव सेवा ही माधव सेवा है।

उल्लेखनीय है, कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगभग 20 किमी दूर नवा रायपुर स्थित श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल राष्ट्रीय सेवा के लिए संकल्पित एक प्रसिद्ध संस्थान है, जो कि जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के गुणवत्तापूर्ण नि:शुल्क इलाज के लिए बेहद लोकप्रिय है। यह अस्पताल इस देश के बच्चों की उत्तम स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रतिबद्ध है. ये अस्पताल जन्मजात ह्रदय रोग के निदान, महिला एवं बाल स्वास्थ्य और शल्य चिकित्सा नि:शुल्क उपचार प्रदान करता है। अब तक इस संस्थान में जन्मजात ह्रदय रोग से पीड़ित 37, 000 से भी अधिक बच्चों की सफलता पूर्वक सर्जरी और 40,000 से भी अधिक गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। श्री सत्यसाई संजीवनी अस्पताल न केवल स्वास्थ्य के क्षेत्र में, अपितु शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर अग्रसर है।यहां महाविद्यालय में बीएससी नर्सिंग और एमएससी नर्सिंग की शिक्षा नि:शुल्क है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल न केवल छत्तीसगढ़ में, अपितु दूसरे राज्य दूसरे राज्यों के साथ-साथ देश-विदेश में भी उपलब्ध है।

## 41,208 लोग घर बैठे-बैठे मोर संगवारी योजना 14545 पर कॉल करके ले चुके हैं लाभ

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गतत नागरिकों को शासकीय योजनाओं का लाभ घर बैठे कम समय में देने के लिए मोर संगवारी सेवा योजना चलाया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र नागरिक घर बैठे टॉल फ्री नबंर 14545 पर कॉल कर मोर संगवारी के एजेंट को बुला सकते है। आवश्यकता अनुसार जो भी प्रमाण पत्र बनवाना है, उससे संबंधित दस्तावेज देकर प्रमाण पत्र बनवा सकते है। एजेंट दस्तावेज लेकर कम से कम समय में आपके घर पर ही प्रमाण पत्र डिलिवर कर देगें। जिससे आपको कही आने जाने एवं सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की आवश्यकता नहीं है। इससे समय एवं पैसे की भी बचत होगी। शासन की यह सबसे सस्ता एवं अच्छा योजना है, नागरिक इसका भरपुर लाभ उठावें। मोर संगवारी से नागरिको को 27 प्रकार के सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है, अभी तक घर बैठे बैठे कितने प्रकार के लोग सुविधा पा चुके हैं। विवाह प्रमाण पत्र 2856, मृत्यु प्रमाण पत्र 1339, जन्म प्रमाण पत्र 2182, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमस्ता लाइसेंस




355, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12857, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13462, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1358, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 284, आय प्रमाण पत्र 3420, एपीएल राशन कार्ड 266, विवाह सुधार 133 इस प्रकार कुल 41208 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है।

## श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी संस्थान, कुम्हारी में DBT प्रायोजित लोकप्रिय व्याख्यान माला का आयोजन

**कुम्हारी ( विश्व परिवार )।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय लोकप्रिय व्याख्यान माला का आयोजन श्री रविशंकर सरकार फार्मेसी संस्थान (SRIP), कुम्हारी, छत्तीसगढ़ में 1 और 2 अगस्त 2025 को किया जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित शैक्षणिक कार्यक्रम श्रीमती अंचल वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, SRIP को DBT द्वारा प्रदान किए गए अनुदान के माध्यम से संभव हो सका है। यह अनुदान उनके द्वारा वैज्ञानिक जागरूकता और नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति समर्पण को मान्यता देने हेतु प्रदान किया गया है। कार्यक्रम प्रोफेसर एस. प्रकाश राव, प्राचार्य, SRIP के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस व्याख्यान माला का उद्देश्य फार्मेसी और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों को उन्नत अनुसंधान से जोड़ना तथा वैज्ञानिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में देश के प्रख्यात वैज्ञानिकों एवं उद्योग विशेषज्ञों द्वारा औषधि विकास में जैव प्रौद्योगिकी, नैनो टेक्नोलॉजी, बायोइन्फॉर्मेटिक्स, और व्यक्तिगत चिकित्सा (पर्सनलाइज़्ड मेडिसिन) जैसे समकालीन विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे। छात्रों और शिक्षकों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने, प्रश्न पूछने और जीवन विज्ञान के क्षेत्र में नए रुझानों एवं करियर संभावनाओं को जानने का अवसर मिलेगा।

श्री एस. कृष्णकांत, निदेशक, श्री रविशंकर सरकार संस्थान, कुम्हारी परिसर एवं श्री एस. एस. बजाज, कार्यकारी निदेशक, श्री रविशंकर सरकार समूह संस्थान, रायपुर ने इस उपलब्धि पर संस्थान की संकाय सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम छात्रों की बौद्धिक वृद्धि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा परिसर में वैज्ञानिक सोच एवं अनुसंधान की संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा।

## मैक सॉलिटेयर में प्रमिभा का धमाका, डांस और कुकिंग प्रतियोगिता ने बांधा समा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) में चल रहे बहुचर्चित ''मैक सॉलिटेयर 2025'' के अंतर्गत रंगारंग डांस और कुकिंग फ्लायर मेकिंग, क्ले आर्ट, मेकअप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज परिसर में उत्साह, उमंग और रचनात्मकता की अद्वितीय छटा देखने को मिली। ''मैक सॉलिटेयर'' के के संपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के चेयरमेन श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. एम. एस. मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।



डांस प्रतियोगिता में सॉलिटेयर के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अंतर्गत समूह एवं एकल विधा में भव्य आयोजन किया गया था। शास्त्रीय, फोक, बॉलीवुड, हिप-हॉप एवं फ्यूज़न शैलियों में प्रस्तुत किए गए नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताल और लय के साथ मंच पर छात्रों का आत्मविश्वास देखते ही बनता था। निर्णायकों ने भाव-भंगिमा, प्रस्तुति, तालमेल और रचनात्मकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कुकिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने पारंपरिक व्यंजन, नवाचारयुक्त रेसिपी और आधुनिक डिशेज़ के माध्यम से अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्वाद, प्रस्तुति, पौष्टिकता और समय प्रबंधन जैसे मानकों पर जजों ने प्रतिभागियों को परखा। कई व्यंजनों की खुशबू और सजावट ने न केवल जजों बल्कि दर्शकों को भी आकर्षित किया। फ्लायर प्रतियोगिता के अंतर्गत फ्लायर को बहुत खुबसूरत कंटेंट तथा डिजाइन से प्रस्तुत किया गया। मेकअप प्रतियोगिता द्वारा में वाटरप्रूफ मेकअप, पार्टी, सिंपल मेकअप किया गया। क्ले आर्ट में पारंपरिक और आधुनिक शिल्प के अदभुत नमूने प्रस्तुत किए गए।

कॉलेज प्रबंधन महिलाओं में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था, जिसमें वे पूरी तरह सफल रहे। प्रतियोगिताओं में महिलाओं की भारी भागीदारी ने यह साबित किया कि महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी है।

विभिन्न प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। मैक सॉलिटेयर 2025 का यह आयोजन निश्चित रूप से छात्रों के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा और उनके समग्र विकास की दिशा में एक और सशक्त कदम सिद्ध हुआ।

## युक्तियुक्तकरण की सूची जारी होने से शिक्षकों में मची खलबली

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शिक्षा विभाग के स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के तहत जिले के 354 प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूल प्रभावित होंगे। इस संबंध में शासन ने सूची जारी की है। वहीं शिक्षक संघ इसका रायपुर में विरोध कर रहा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स ऐशोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप



साहू ने बताया कि युक्तियुक्तकरण में विसंगति है। सोना साहू प्रकरण अनुसार क्रमोन्नत वेतनमान के जनरल आदेश जारी करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन सहित अन्य लाभ व पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर प्रदेश के शिक्षकों ने को राजधानी के धरना स्थल तूता नवा रायपुर में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाली व मंत्रालय का घेराव करने प्रदर्शन किया। संघ के दिलीप साहू ने बताया सबसे ज्यादा नाराजगी शिक्षकों में युक्तियुक्तकरण की नीति से है। सेटअप 2008 राज्य शासन ने अधिकृत राज्य के कर्मचारियों के लिए शिक्षा विभाग और स्कूलों के लिए मूल रूप से बनाया गया है। इस सेटअप से हटकर शिक्षा के अधिकार कानून की व्याख्या पर क्यों अमादा है। इसकी आड़ में प्रदेश भर के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों के एक-एक पद कम करने का प्रयास कर रहा है। संघ के संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 43839 प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओ में एक-एक पद सेटअप 2008 से कम कर समाप्त किया जा रहा है, यह प्रयास सफल नहीं होने दिया जाएगा। जानबूझकर शिक्षकों को अतिशेष घोषित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों व कर्मचारियों को न केंद्रीय वेतनमान मिलता है न ही केंद्र के समान एरियर्स दे रहे हैं। प्रदेश के 23 प्रमुख शिक्षक संगठन का साझा मंच शिक्षक साझा मंच के बैनर तले 23 प्रांतीय संचालकों संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, केदार जैन, विकास राजपूत, कृष्ण कुमार नवरंग, जाकेश साहू आदि के नेतृत्व में उक्त प्रदर्शन किया गया।

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email Id- eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर में निर्मित ढाचा भवन योजना में से **भवन/भूखण्ड क्र. ढांचा भवन-2300, स्लाईस-03,** में **श्री धर्मेन्द्र शर्मा पिता स्व. रामस्नेही शर्मा** को आबंटित/ नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी/ नामांतरी द्वारा दिनांक **05.02.2008** को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक 10.06.2021 को हो जाने के कारण मृतक आबंटी की पत्नी **श्रीमती ललिता शर्मा पति स्व. धर्मेन्द्र शर्मा** द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड **श्रीमती ललिता शर्मा पति स्व. धर्मेन्द्र शर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से **15 दिन** के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

## संक्षिप्त समाचार

### 4 दिन से फंसे मोटर केनिकलने/ बोर बनने से तीन वार्ड के 150 से अधिक परिवारों ने की राहत की सांस- सुरेश गुप्ता



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम जगदलपुर के अंतर्गत हिकामीपारा रमैया/इंदिरा वार्ड में पंप विगत 4 दिन पूर्व खराब हुआ महापौर संजय पाण्डेय जी, कि निर्देश पर पीएचई सभापति सुरेश गुप्ता जी की देखरेख में पंप निकालने का कार्य शुरु हुआ! निगम के लेबर के साथ तकनीशियन कि टीम लगी रही, मगर चार दिन तक सफ्लता नहीं मिली ! सुरेश गुप्ता ने बताया कि एक और बोर से पंप नहीं निकल रहा था दूसरी और इस गर्मी में पानी सप्लाई की बड़ी चुनौती थी महापौर संजय पांडे के निर्देश पर सभापति सुरेश गुप्ता के साथ रमैया वार्ड पार्षद श्रीमती पायल नवीन बोथरा ने भी रमैया,इंदिरा, और दीनदयाल वार्ड में लगभग डेढ़ सौ से अधिक परिवारो को 6से7 टैंकर से रोजाना 25 से 30 हजार

लीटर पानी की सप्लाई करवाने में डटे रहे, और दूसरी और पंप निकालने के प्रयास जारी रहा! पीएचई सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि, नगर निगम के कर्मचारियों का लंबा अनुभव इस पंप निकालने में काम आया! स्थानीय जुगाड़ के माध्यम से चार दिन पश्चात आज 1:00 बजे के लगभग पंप निकालने में सफ्लता मिली और 4:00 बजे तक नया मोटर पंप इसमें लगाया गया जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने बताया कि इस बोर के माध्यम से लगभग डेढ़ सौ से अधिक परिवारों के घर में पानी की सप्लाई होती है और खास बात यह है कि इन परिवारों तक सप्लाई का दूसरा कोई विकल्प भी नहीं है ऐसे में नगर निगम के साथ इन परिवारों की सांसे भी रुकी हुई थी! लगातार प्रयास होते रहे अंततः सफ्लता मिली

वार्ड वासियों के साथ पार्षद और नगर निगम ने भी राहत की सांस ली सुरेश गुप्ता ने सभी निगम के कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए स्थानी सभी प्रभावित परिवार के साथ शहरवासियों से निवेदन किया जल का उपयोग करें, जल की बर्बादी को हम सब मिलकर रोकें!

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर/** कलेक्टर श्री हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत् तहसील तोकापाल ग्राम बड़े मोरठपाल निवासी चंदर मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से माता श्रीमति बुके पति स्व. कार्तिक को चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत सहायता राशि संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में अंतरित किए जाने के निर्देश तहसीलदार तोकापाल को दिए गए हैं।

## जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का माध्यम है समाधान शिविर- महापौर

### एक स्थान पर हो रहा अनेक समाधान- संजय पाण्डे



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार संवेदनशील सरकार है। सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों ने जो समस्याएं लिखित रूप में दी है उसका निराकरण यथा संभव हो। प्राथमिकता के साथ सभी समस्याओं का समाधान शिविर स्थल में ही किया जाए। जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद का माध्यम ही समाधान शिविर है। जिन शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी समाधान शिविर में लगी है वह सिर्फ पत्राचार ही नहीं कर रहे हैं बल्कि समाधान की दिशा में उचित कार्यवाही भी कर रहे हैं। कर्मचारियों ने पुरी तरह यह प्रयास किया कि जो भी समस्याएं उनके तक पहुंची है उनका निराकरण तत्काल किया जाए। जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को भेज दिया गया है। शिविर स्थल में सभी विभागों का स्टाल लगाया गया है और उनके द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। उपरोक्त बातें महापौर संजय पाण्डे ने सुशासन तिहार के मौके पर कही।

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज रेलवे कॉलोनी हाई स्कूल में नगर निगम जगदलपुर के द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर में कुल 7 वार्डो को शामिल किया गया था। जिनमें अम्बेडकर वार्ड, स्वामी विवेकानंद वार्ड, ठाकुर अनुकूल देव वार्ड, पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड,राजीव गांधी वार्ड, संजय गांधी वार्ड और बलीराम कश्यप वार्ड शामिल थे। नगर निगम के स्पीकर खेमसिंह देवांगन ने कहा जनता को किसी भी प्रकार की समस्या है तो वह लिखित रूप में इसकी जानकारी संबंधित विभाग को दें। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो स्वयं जनता के प्रांगण तक पहुंची है। एक माह तक समाधान शिविर लगाया गया, जिसमें कई मामले निपटाए गए। एमआईसी सदस्य योगेंद्र पांडे ने कहा सरकार की संवेदनशीलता का परिचायक है यह समाधान शिविर। जनता को अपनी समस्याओं के लिए भटकना न पड़े इसलिए सरकार ने यह कदम उठाया है। प्रदेश सरकार ने जो वादे किए हैं धीरे-धीरे वह सब पुरे होंगे। निर्मल पानीग्राही ने कहा सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन किया है। सभी प्रकार के आवेदन का निराकरण करने का पुरा प्रयास किया गया। राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है सुशासन तिहार। नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने कहा केंद्र सहित प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, जो की जनता की समस्याओं को लेकर बेहद गंभीर है। इसका पुरा श्रेय शासन-प्रशासन सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी को जाता है। कार्यक्रम के अंत में हितग्राहियों को राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन अतिथियों के द्वारा करवाया गया

शिविर में जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, पूर्व महापौर सफिरा साहू, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, योगेंद्र पांडे, सुरेश गुप्ता, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, राणा घोस, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद नरसिंह राव, श्याम सुंदर बघेल, हरीश पारेख, पितामह नायक, खगेश ठाकुर, कैलाश नाग, यशवंत ध्रुव, संतोष गौर, गायत्री बघेल, आशा साहू, माया नायक, उर्मिला यादव, पूनम सिन्हा, पारुल बोथरा, गिरजा गुप्ता, ममता पोटाई, कौशल्या क्षत्रिय, केके द्विवेदी, मनोहर दत्त तिवारी, बी जयराम, आरयेंन्द्र सिंह आर्य, शशिनाथ पाठक, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, परेश ताटी, योगेश मिश्रा, प्रभात चौहान, सूर्य भूषण सिंह, विक्रम यादव, शंकर राव, गोविंद ईनाड़ी उपस्थित रहे।

## बास्तानार एवं तोकापाल मण्डल में समाधान शिविर का सफल आयोजन

### जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रभावशाली करे : विनायक गोयल



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** बास्तानार एवं तोकापाल मण्डल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने एवं विभिन्न समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद माननीय श्री महेश कश्यप जी एवं चित्रकोट विधायक माननीय श्री विनायक गोयल जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में शिविर का संचालन अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया।

शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही त्वरित समाधान की कार्यवाही की गई। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं जैसे कि आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना आदि की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप जी, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल जी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी जी, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल जी, सुश्री पदमनी कश्यप जी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भण्डारी जी, जनपद उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी जी, विनोद कुहरामी जी, जिला मंत्री बाबुल नाग जी, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नारायण ठाकुर, मण्डल महामंत्री संतोष ठाकुर, मेघनाथ ठाकुर, जनपद सदस्य रूपाराम मुचाकी, श्रीमती बबीता पोयाम, शांति नाग, नीलम पोयाम, गोंची कश्यप, कनकदेई कश्यप, सुलेखा वेक, मनकु पोडियाम, विमल पांडे, बामन वेट्टी, अर्जुन सेठिया एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में मण्डल कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दिव्यांग सूचित पाण्डे के आवेदन पर त्वरित मिली सहायता, कहा यही तो है सुशासन तिहार, तत्काल समाधान



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन की सुशासन तिहार के माध्यम से कई जरूरतमंद लोगों की समस्या एवं मांग का तत्काल निदान हो रहा है, जिससे ऐसे आमजन शासन-प्रशासन की त्वरित पहल के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहे हैं। इसी क्रम में जगदलपुर शहर के समीपस्थ आड़ावाल निवासी दिव्यांग सूचित पाण्डे अपने आवेदन पर तुरंत लाभान्वित करने के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताते हैं कि वह बुधवार को कलेक्टर श्री हरिस एस से भेंटकर अपनी जरूरत बैसाखी के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मुझे मदद के लिए आश्वस्त कर तत्काल पहल किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए और गुरुवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से मुझे बैसाखी प्रदान किया गया।

जगदलपुर के एक निजी फर्म में कम्प्यूटर ऑपरेटर सूचित पांडे ने बताया कि कलेक्टर ने मुझे चलने-फिरने में दिक्कत को देखकर त्वरित मदद दिलाई है, जिससे मुझे काफी सहूलियत होगी। इसके लिए मैं कलेक्टर सर को धन्यवाद देता हूं। सूचित कहते हैं कि 18 वर्ष की आयु में दुर्घटना से मेरा पैर चला गया, मैं आजीविका के लिए प्राइवेट फर्म में कम्प्यूटर आपरेटर का कार्य कर रहा हूं। मैं तो सोच रहा था कि हमेशा की तरह आफिस-आफिस आवेदन लेकर घूमना पड़ेगा, लेकिन कलेक्टर और अधिकारियों की त्वरित पहल से तत्काल समाधान हो गया। यह शासन-प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

## पाटन में गांजा बेचने वाली महिला पकड़ाई

**दुर्ग।** जिले के पाटन क्षेत्र में गांजा बेचने वाली एक महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से एक किलों सौ ग्राम गांज जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पाटन पुलिस को दिनांक 27.05.2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि आजाद चैक पाटन निवासी सोनी नेताम पति विजय नेताम उम्र 40 वर्ष अवैध रूप से गांजा का बिक्री धंधा करती है एवं गांजा को छुपाकर बिक्री हेतु अपने घर पर रखी है। मुखबिर सूचना तस्दीक पर क्राईम टीम दुर्ग एवं थाना पाटन की संयुक्त टीम द्वारा विधिवत रेड कार्यवाही कर आरोपीया सोनी नेताम पति विजय नेताम उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 06 आजाद चैक पाटन थाना पाटन जिला दुर्ग के कब्जे से 01 किलोग्राम 100 ग्राम गांजा अपराध में प्रयुक्त मोबाईल जुमला कीमती 13500 रुपए जप्त कर थाना पाटन में अपराध क्रमांक 94/25, धारा 20 (बी), एनडीपीएस एक्ट कायम की गई है। प्रकरण में 01 महिला आरोपी सोनी नेताम को गिरफ्तार कर अग्रिम विवेचना कार्यवाही की जा रही है, गिरफ्तार महिला आरोपी सोनी नेताम को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान में समूह को आवास योजना हेतु अतिरिक्त राशि की सुविधा

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत बस्तर जिले में आवास का निर्माण किया जा रहा जिसमें शासन से प्रति मकान हेतु तीन किश्तों में कुल एक लाख 20 हजार हितग्राही को प्रदाय किए जाते है। प्रधानमंत्री आवास के तहत जिन हितग्राहियों को स्वीकृति मिला है वह परिवार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान में समूह से जुड़ी है और समूह से जुड़कर अपना आजीविका कर जीवन यापन कर रही है। समूह में आवास हेतु पात्र हितग्राही है उन्हें आवास बनाने हेतु राशि प्राप्त होती है। आवास को जल्द पूर्ण करने हेतु संकुल संगठन के द्वारा मटेरियल के लिए हितग्राही के



मांगानुसार राशि 25हजार से 30 हजार लोन के रूप में वित्तीय सहयोग दी जा रही है।

जिले के विकासखंड लोहंडीगुड़ा, दरभा,बकावंड में 194 हितग्राही को संकुल संगठन से कुल राशि 92 लाख 70 हजार रुपए भवन निर्माण हेतु मटेरियल के लिए लोन के रूप में वित्तीय सहयोग किया गया है । जिले में यह बहुत सराहनीय कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा बिहान संकुल संगठनों से जुड़े समूह सदस्यों को उनके आवास को पूर्ण करने हेतु समूह और संगठन से मटेरियल के लिए भी राशि प्राप्त हो रहा है। संकुल संगठन के द्वारा भी बहुत अच्छा पहल किया जा रहे है ताकि उनके क्लस्टर में जुड़े समूह सदस्य जिनको आवास मिला है उनका आवास समय पर जल्द बने इस हेतु वित्तीय मदद किया जा रहा है।

## बस्तर और जगदलपुर विकासखंड में आयोजित किया गया समाधान शिविर

### सुशासन तिहार 2025 : भोंड में आयोजित समाधान शिविर में वन मंत्री श्री केदार कश्यप हुए शामिल

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** सुशासन को बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर और जगदलपुर के ग्राम पंचायतों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। विकासखण्ड बस्तर के समाधान शिविर स्थल भोण्ड (भोण्ड गोठान) में सम्मिलित ग्राम - रोतमा, खोटलापाल, चितलवार, बड़ेचकवा, नदीसागर,पराली, बोड़नपाल, पल्लीचकवा, झारतराई, लामकेर, सालेमेटा, भोण्ड, मधोता, कुण्डगुड़ा, भाटपाल, भुरसुण्डी, टाकरागुड़ा, आड़ावाल, नारायणपाल, भरनी ग्राम पंचायत को शामिल किया गया। इस क्लस्टर में आयोजित शिविर हेतु 7111 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 7106 आवेदनों का निराकरण किया गया है और 05लंबित हैं। सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था।

विकासखण्ड- जगदलपुर के ग्राम जामावाड़ा (बाजार स्थल) में आयोजित शिविर में सम्मिलित ग्राम छोटेजामावाड़ा, बड़े बादाम, छोटे बादाम, जामावाड़ा, काकरवाड़ा, बड़ेबोदल, छोटेबोदल, बिरनपाल, टोंडापाल, नवागुड़ा, बडेमुरमी, छोटेमुरमी, उलनार, चिलकुटी, कोलावाड़ा, मिलकुलवाड़ा, नागलसर, सुरुन्दवाड़ा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था । इस शिविर हेतु 4404 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण किया गया है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार का समाधान शिविर तीसरा और अंतिम पडाव है। इसके पहले चरण में 8-11 अप्रैल तक आप लोंगों से आवेदन प्राप्त किए और दूसरे चरण के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण विभागों के द्वारा



किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय की पहल पर योजना आप तक पहुंचाने का काम किया है, सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन की जाँच और जनता की मांग पर निराकरण की स्थिति जायजा लिया गया है। योजनाओं की जानकारी देने हेतु और आप लोंगों की सहयोग के लिए विभाग के अधिकारी है।विकासखंड में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीण स्तर पर शिविर लगवाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हमारी सरकार ने राशि जारी कर दिया है, पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिल रहा है। माता-बहन को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने महतारी वंदन योजना का संचालित कर रहे है। मंत्री श्री कश्यप ने लामकेर के लिए आश्रम, भोंड एनीकिट के काम का प्रस्ताव शासन को भेजने की बात कही। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप ने कहा कि सरकार की अच्छी पहल की आमजनों को जन कल्याणकारी योजनों से संबंधित समस्या या मांग के सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। सभी को शिविर में आकर मांग व समस्याओं को प्रशासन और विभाग के समक्ष प्रस्तुत कर लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जनता को शिविर में योजनाओं की जानकारी दे रहे है । कार्यक्रम में बस्तर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष बघेल, जिला पंचायत और जनपद पंचायत के सदस्य, संबधित ग्रामों के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम बस्तर, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की और विभाग के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और सामग्रियों का वितरण किया गया।

## व्यापार समाचार

# मडॅमने रायपुर में नए स्टोर के साथ छत्तीसगढ़ में बढ़ाया अपना प्रभाव



**रायपुरः** भारत की अग्रणी महिला फैशन ब्रांड मडॅम ने छत्तीसगढ़ में अपने विस्तार को और मजबूत करते हुए रायपुर के पंडरी स्थित मेन रोड पर अपना नया स्टोर लॉन्च किया है। मैग्नेटो मॉल में पहले से मौजूद सफल स्टोर के बाद यह राज्य में ब्रांड का दूसरा आउटलेट है। 2025 में मडॅम भारतभर में कई नए स्टोर्स की शुरुआत करने जा रहा है, जो कि मध्य भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में ब्रांड की मजबूत उपस्थिति की दिशा में एक और कदम है। यह विस्तार मडॅम की व्यापक रीटेल रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य महानगरों से आगे बढ़कर महत्वाकांक्षी भारतीय महिलाओं तक आधुनिक वैश्विक फैशन पहुंचाना है। मडॅम के एमडी और सीईओ अखिल जैन ने कहा, छत्तीसगढ़ एक जीवंत और तेजी से बढ़ता हुआ बाजार है, जहां प्रीमियम महिला फैशन की जबरदस्त संभावनाएं हैं। हमारे हालिया स्टोर्स को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने हमें तेजी से विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। यहाँ की बढ़ती क्रय शक्ति और फैशन के प्रति जागरूकता को देखते हुए, उपभोक्ता स्टाइलिश और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों की तलाश में हैं—और मडॅम इस माँग को पूरा करने के लिए तैयार है। छत्तीसगढ़ में मडॅम का यह विस्तार भारत भर में अपने रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने की इसकी व्यापक रणनीति का हिस्सा है। रायपुर स्थित नया स्टोर शहर के एक प्रमुख और सुविधाजनक स्थान पर खोला गया है, जहां मडॅम का पूरा कलेक्शन उपलब्ध है। ग्राहक यहां आरामदायक ड्रेसेज़, हल्के टॉप्स, स्टाइलिश डेनिम्स, स्लिंग बैग्स, परफ्यूम्स और स्टोल्स जैसी आधुनिक महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई रेंज का अनुभव ले सकते हैं। ब्रांड का समर कलेक्शन बोल्ड और प्लेफुल प्रिंट्स से सजा है, जिसमें एब्स्ट्रैक्ट, फ्लोरल और ज्योमेट्रिक डिज़ाइनों की विविधता है। ड्रेसेज़, स्कर्ट्स, को-ऑर्ड सेट्स, जंपसूट्स और ट्रेंडी डेनिम्स सहित फैशनेबल प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज उपलब्ध है। फैब्रिक इनोवेशन, ट्रेंड फोरकास्टिंग और सिलुएट डिज़ाइन पर फोकस रखते हुए मडॅम एक डेटा-ड्रिवन अप्रोच के जरिए न केवल उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ाने बल्कि बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रहा है। अखिल जैन ने आगे कहा, छत्तीसगढ़ की महिलाएं फैशन के प्रति जागरूक हैं और गुणवत्ता व स्टाइल की सराहना करती हैं—ये सभी मूल्य मडॅम की पहचान का हिस्सा हैं। हमारा विस्तार केवल नए स्टोर खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि हम ऐसे फैशन डेस्टिनेशन तैयार कर रहे हैं जो आज की भारतीय महिला की आकांक्षाओं को दर्शाते हैं।

# वित्त वर्ष 2024-25 में इफको का शानदार प्रदर्शन, नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** विश्व की नंबर 1 सहकारी संस्था, इफ्को ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपये का मुनाफ़ा दर्ज किया, साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष श्री दिलीप संघानी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश देकर पुरस्कृत किया है - जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के समर्थन से नैनो-उर्वरक समिति के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है, व्यापक जागरूकता अभियान और अनुसंधान ने किसानों के बीच उत्पादों की स्वीकृति बढ़ाने में समिति की मदद की है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बेची गई 365 लाख बोतलों में से 268 लाख बोतलें इफ्को नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) और 97 लाख बोतलें इफ्को नैनो डीएपी (लिक्विड) की बेची गईं। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) की बिक्री 31 प्रतिशत और इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बिक्री 118 प्रतिशत अधिक है। यह बिक्री मात्रा 12 लाख मीट्रिक टन पारंपरिक यूरिया और 4.85 मीट्रिक टन पारंपरिक डीएपी के बराबर है। इफको के डब्ल्यूएसएफ/ स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स/सागरिका ग्रेन्युल फर्टिलाइजर ने 1.92 लाख मीट्रिक टन की बिक्री हासिल की है। डब्ल्यूएसएफ /स्पेशलिटी फर्टिलाइजर्स की बिक्री 1.30 लाख मीट्रिक टन है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक है। सागरिका लिक्विड की बिक्री 11.55 लाख लीटर है जो 33 प्रतिशत अधिक है, सागरिका ग्रेन्युल 68,000 मीट्रिक टन है जो 28 प्रतिशत अधिक है और जैव-उर्वरकों की बिक्री 8.61 लाख लीटर है जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 35 प्रतिशत अधिक है। इफको के प्रबंध निदेशक, डॉ. यूएस अवस्थी ने कहा कि इफको मिट्टी में मूल खुराक के रूप में प्रयोग के लिए दानेदार रूप में नैनो एनपीके उर्वरक भी लॉन्च करेगा। नैनो एनपीके उर्वरक मैग्नीशियम, सल्फर, जिंक और कॉपर से समृद्ध है जो फसल उत्पादकता बढ़ाने में मदद करेगा और पोषक तत्वों के नुकसान को कम करेगा। लिक्विड नैनो यूरिया प्लस और लिक्विड नैनो डीएपी के साथ यह मिट्टी से पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को खत्म कर सकता है। यह प्राथमिक पोषक तत्वों की उच्च उपयोग दक्षता के साथ संतुलित पोषण को और बढ़ावा देगा। उन्होंने आगे कहा कि इफ्को सूक्ष्म पोषक तत्वों की जरूरत को पूरा करने के लिए 100 मिलीलीटर की बोतल के आकार में तरल रूप में नैनो जिंक, नैनो कॉपर भी लॉन्च करेगा।

# फ्लिप मारकर जश्न मनाने वाले ऋषभ पंत को मिली सजा, बीसीसीआई ने लगाया भारी जुर्माना

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार, 27 मई को इकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार के साथ इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में अपना अभियान समाप्त किया. वहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार जीत दर्ज कर गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ क्वालीफायर 1 का मुकाबला तय किया.

एलएसजी ने कप्तान ऋषभ पंत के नाबाद शतक की बदौलत (227/3) रन का स्कोर बनाया. हालांकि, आरसीबी ने जितेश शर्मा और विराट कोहली के अर्धशतकों की बदौलत 9 गेंद शेष रहते विशाल लक्ष्य हासिल करते हुए 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की. इकाना स्टेडियम



में खेले गए आईपीएल 2025 के आखिरी लीग मैच में रनों का अंबार लगा. इस मुकाबले में मिशेल मार्श ने 37 गेंदों पर 67 रन बनाए, जबकि ऋषभ पंत ने नाबाद 118 रनों की पारी खेली. दोनों ने टीम को विशाल स्कोर बनाने में मदद की, लेकिन आरसीबी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए करारा जवाब दिया. वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स को हार के साथ-साथ एक और बड़ा झटका लगा. एलएसजी की टीम ने आरसीबी के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखा. यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत टीम का सीजन का तीसरा अपराध था, इसलिए कप्तान पंत की अगुवाई वाली टीम पर बीसीसीआई ने भारी भरकम जुर्माना लगा दिया.

आईपीएल ने बुधवार को एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों के लिए उनकी टीम का सीजन का तीसरा अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. इसमें आगे कहा गया है कि, इम्पैक्ट प्लेयर सहित बाकी प्लेइंग इलेवन पर या तो 12 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, का जुर्माना लगाया गया है. बता दें कि, इस मुकाबले में आरसीबी की जीत के साथ ही आईपीएल 2025 के प्लेऑफ की सभी 4 टीमें फाइनल हो गई हैं. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु क्वालीफायर 1 में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी जबकि गुजरात टाइटन्स एलिमिनेटर 1 में मुंबई इंडियंस से मुकाबला करेगी. ये दोनों मैच मुल्लांपुर में खेले जाएंगे.

# सिंटेक्स ने अत्यधिक तापमान के लिए पेश किया है भारत का पहला 'ट्रूली' इंसुलेटेड वॉटर टैंक

**रायपुर।** भारत की अग्रणी और विश्वसनीय गुणवत्ता वाले वॉटर स्टोरेज समाधान निर्माता कंपनी सिंटेक्स बाय वेलस्पन, सिंटेक्स Trupuf की पहुंच का विस्तार कर रही है। यह भारत का पहला 'ट्रूली' इन्सुलेटेड पानी का टैंक है क्योंकि इस समय पूरे भारत में गर्मी की लहर के कारण तापमान बढ़ रहा है। कठोर मौसम की स्थिति को सहने के लिए डिजाइन किया गया 50 मिमी पॉलीयूरेथेन फोम एक प्रभावी इन्सुलेटर के रूप में कार्य करता है, जो संग्रहीत पानी के तापमान को उसकी मूल स्थिति के करीब बनाए रखता हैट्ठ टैंक 100 प्रतिशत वर्जिन फूड-ग्रेड प्लास्टिक से तैयार किया गया है, जो स्वास्थ्य की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करता है और रिसाइकल प्लास्टिक से जुड़ी संभावित हानियों से बचाव करता है। इसमें वायरस, बैक्टीरिया, फफूंदी, एल्गी और काई विरोधी गुण भी हैं जो इसे परिवारों के लिए एक सुरक्षित




और स्वस्थ विकल्प बनाते हैं। तीव्र गर्मी और कठोर ठंड दोनों में काम करने के लिए डिजाइन किया गया, Trupuf तेजी से ग्राहकों की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं के बीच पसंदीदा विकल्प बन रहा है। जबकि यह उत्पाद विशेष रूप से कठोर गर्मियों में प्रासंगिक है, Trupuf का इन्सुलेशन इसे अत्यधिक सर्दियों के लिए भी उपयुक्त बनाता है - भारी स्टील टैंकों के लिए एक प्रभावी उपाय प्रदान करता है।

लंबे समय तक धूप में रहने से संग्रहित पानी काफी गर्म हो जाता है और काई निर्माण तथा जीवाणु वृद्धि के लिए आदर्श वातावरण बन जाता है। परिणामस्वरूप दुर्गंध दैनिक जल उपयोग और स्वच्छता को प्रभावित करती है। Trupuf को थर्मस की तरह काम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है - जलवायु परिस्थितियों की परवाह किए बिना पानी के मूल तापमान को बनाए रखता है। अपने थिकर मेक निर्माण और यूवी-स्टेबलाइज़्ड बाहरी आवरण के साथ, Trupuf सूरज की रोशनी को रोकता है और जलकाई के निर्माण को रोकता है।

टैंक 'हेक्सा बोल्ट' के साथ अद्वितीय सेल्फ-लॉकिंग ढक्कन से सुसज्जित है जो बाहरी हस्तक्षेप से शीर्ष को सुरक्षित करता है। सेंट्रल इन्सुलेशन लेयर गर्मी हस्तांतरण को कम करती है, जिससे टैंक पानी को उसके मूल भरने के तापमान पर बनाए रखने में सक्षम होता है।

# डेटॉल ने महान 'कैप्टन कूल' एमएस धोनी का ब्रांड एंबेसडर के रूप में किया स्वागत

**नईदिल्ली।** भारत के अग्रणी कीटाणु सुरक्षा ब्रांड डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज और भारत के असली 'कैप्टन कूल' — महेंद्र सिंह धोनी — को अपने डेटॉल साबुन, बॉडीवॉश और हैंडवॉश रेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो एक प्रतिष्ठित 'कूल' शख्सियत और एक भरोसेमंद 'कूल' ब्रांड को एक साथ लाती है, और गर्मियों में ठंडक बनाए रखने का समाधान 'डेटॉल आइसी कूल' पेश करती है। तीन गुना तीव्र ठंडक9 और त्वचा संक्रमण के कीटाणुओं से 99.9त्न सुरक्षात्त के साथ, डेटॉल आइसी कूल गर्मियों के लिए एक परफेक्ट ज़रूरत है। यह उपभोक्ताओं की एक असली ज़रूरत को पूरा करता है — गर्मी और पसीने के कारण होने वाले त्वचा संक्रमण के कीटाणुओंस से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे देश में जहाँ गर्मियां बेहद तीव्र हो सकती हैं और पसीने से चिपचिपी त्वचा असहजता का कारण बनती है, डेटॉल आइसी कूल देता है तुरंत बर्फ जैसी ठंडक और ताजगी का एहसास — ताकि आपका शरीर ठंडा रहे, मन शांत रहे, और आप दबाव भरे पलों में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें।




डेटॉल दशकों से सुरक्षा और देखभाल का प्रतीक रहा है, और देश भर के करोड़ों घरों का भरोसा जीत चुका है**। यह प्रभावशाली साझेदारी एम.एस. धोनी की शांत और मजबूत छवि को डेटॉल की भरोसेमंद सुरक्षा के साथ जोड़ती है, यह एक परफेक्ट मेल है जो बेहतरीन सुरक्षा* और बेजोड़ ठंडक9 के साथ गर्मियों के अनुभव को बेहतर बनाने का वादा करता है। साझेदारी पर बात करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा, डेटॉल के साथ जुड़कर और उनके नए कूल कैंपेन 'डेटॉल आइसी कूल' को पेश करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। दबाव में शांत रहना हमेशा से मेरे जीवन का एक अहम हिस्सा रहा है, चाहे वह मैदान पर हो या मैदान के बाहर। डेटॉल आइसी कूल ठंडा रहने का परफेक्ट समाधान देता है, जब शरीर ठंडा रहेगा, तो मन भी शांत रहेगा। यही वजह है कि यह कैंपेन मुझे बहुत अच्छा लगा और इसका हिस्सा बनकर मैं बहुत उत्साहित हूं। इस कैंपेन के टीवीसी को मैककैन वर्ल्ड ग्रुप ने तैयार किया है। प्रसून जोशी, चेयरमैन, मैककैन वर्ल्डग्रुप, एशिया पैसिफिक और सीईओ एवं सीसीओ, मैककैन वर्ल्डग्रुप इंडिया ने कहा, बॉडी कूल तो माइंड कूल। डेटॉल आइसी कूल और कैप्टन कूल एम.एस. धोनी के साथ यह कैंपेन दर्शाता है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी कूल रहना प्रदर्शन को बेहतर बनाता है। यह एक बेहतरीन उदाहरण है कि कैसे एक प्रोडक्ट और उसके ब्रांड एंबेसडर का पूरी तरह एक-दूसरे के साथ तालमेल हो सकता है। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हेल्थ, रेकिट ड्ड साउथ एशिया ने कहा, रेकिट में हमारा संकल्प है कि हम उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को समझदारी और प्रभावशीलता के साथ पूरा करने वाले भरोसेमंद समाधान दें। डेटॉल आइसी कूल लंबे समय से गर्मियों के लिए पसंदीदा उत्पाद रहा है, जिसमें तीन गुना तीव्र ठंडक और त्वचा में संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं से सुरक्षा है - खासकर गर्मी और रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ के बीच।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास, टी20 में ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार, 27 मई को इंडियन प्रीमियर लीग का आखिरी लीग मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया. इस जीत के साथ ही आरसीबी ने टॉप-2 में एंट्री मारी और क्वालिफायर-1 में खेलना पक्का कर लिया. कांटे के इस मुकाबले में आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इतिहास रच दिया और 2 ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया. 2008 में आईपीएल के पहले संस्करण से आरसीबी के लिए खेल रहे विराट कोहली ने एलएसजी के खिलाफ मैच में टी20 क्रिकेट में आरसीबी के लिए 9000 रन पूरे किए. मैच से पहले कोहली को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 24 रनों की जरूरत थी और उन्होंने




5वें ओवर में आरसीबी के 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए यह उपलब्धि हासिल कर ली. बता दें कि, कोहली के नाम पहले से ही टी20 क्रिकेट में एक ही फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है. उनके रनों में अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग में आरसीबी के लिए बनाए गए रन भी शामिल हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा दिए गए 228 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की अगुआई करते हुए कोहली ने इस सीजन का 8वां अर्धशतक मात्र 27 गेंदों में जड़ा. यह कोहली का 63वां आईपीएल अर्धशतक है और अब उन्होंने डेविड वार्नर के आईपीएल में सबसे ज्यादा अर्धशतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है, वार्नर के नाम 62 आईपीएल अर्धशतक हैं. बता दें कि, विराट के नाम आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा शतकों का रिकॉर्ड भी है, उनके नाम कुल 8 शतक दर्ज हैं.

## शब्द सामर्थ्य -062

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

**कार्यालय कलेक्टर, जिला - कोण्डागांव**
**(आदिवासी विकास शाखा)**

क्रमांक /601/आ.वि./निर्माण/2025-26 कोण्डागांव, दिनांक 23/05/2025

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-**
**(प्रथम सूचना)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यो के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला कोण्डागांव के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए विवरण के अनुसार एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत "C" श्रेणी एवं इसमें ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ. आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**ई-टेंडरिंग हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार होगी :-**

1. ई निविदा प्रारंभ तिथि - 23.05.2025
2. ऑनलाइन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 20.06.2025
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट से) - 23.06.2025
4. निविदा खोलने की तिथि - 24.06.2025

| एनआई टी क्रं. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम / स्थान का नाम | निविदा की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 599 दिनांक 23.05.2025 | 169105 | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास केशकाल का भवन निर्माण कार्य। | 181.77 |
| 600 दिनांक 23.05.2025 | 169111 | पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास माकड़ी का भवन निर्माण कार्य। | 181.77 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट- https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

टीपः- प्रत्येक कार्य हेतु - निविदा प्रपत्र का मूल्य 3000/- रूपये, अमानत राशि 1.36 लाख रूपये एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह (वर्षा काल) सहित है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास,कोण्डागांव

G-252601209/3

## महाराष्ट्र मंडल ने मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

**रायपुर (विसं)।** महाराष्ट्र मंडल ने आयुर्वेदिक कॉलेज के गेट पर वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने की मांग की है। बुधवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर की जयंती मनाई गई। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। समारोह में मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने आयुर्वेदिक कॉलेज के गेट पर वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने की मांग की। इस दौरान साहित्य समिति द्वारा बच्चों के लिए वीर सावरकर के जीवनी पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## सिपेट में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 01 जून 2025

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) कोरबा में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 जून तक किए जा सकते हैं। आवेदकों का 05 जून को एडमिट कार्ड जारी किए जाएंगे तथा ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा 8 जून को होगी। शिक्षा सत्र 2025-26 के अनुसार विभिन्न कोर्स में एडमिशन के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो चुका है। कोरबा सिपेट में डिप्लोमा इन प्लास्टिक मोल्ड टेक्नोलॉजी (डीपीएमटी) और डिप्लोमा इन प्लास्टिक टेक्नोलॉजी (डीपीटी) कोर्स संचालित किए जाते हैं। डीपीएमटी और डीपीटी कोर्स के लिए दसवीं पास आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी https://cipetwz.onlineregistrationform.org/CIPET/ पर दी गई है। 12 वीं विज्ञान संकाय एवं 02 वर्षीय आईटीआई के छात्र-छात्राएं सीधे डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु सिपेट, कोरबा के तकनीकी अधिकारी डॉ. दिवेश बी मेश्राम 9422802207 से संपर्क किया जा सकता है।

## माओवादी आतंकवाद के समूल नाश और बस्तर के समग्र विकास के लिए देश के प्रमुख बुद्धिजीवियों और संस्थाओं द्वारा खुला पत्र जारी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बस्तर क्षेत्र में लगातार जारी माओवादी हिंसा, उसके वैचारिक समर्थन और क्षेत्रीय विकास में आ रही बाधाओं को लेकर आज रायपुर में एक महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस वार्ता को प्रो. एस. के. पांडे (पूर्व कुलपति), श्री अनुराग पांडे (सेवानिवृत्त IAS), बी. गोपा कुमार (पूर्व उप-सॉलिसिटर जनरल) और श्री शैलेन्द्र शुक्ला (पूर्व निदेशक, क्रेडा) ने संबोधित किया। इन चार प्रमुख वक्ताओं ने इस अवसर पर एक संयुक्त वक्तव्य प्रस्तुत किया, जो देशभर के प्रबुद्धजनों, अधिवक्ताओं, पूर्व सैन्य अधिकारियों, शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों द्वारा हस्ताक्षरित एक विस्तृत सार्वजनिक पत्र पर आधारित है। इस वक्तव्य में बस्तर के नागरिकों की दशकों पुरानी पीड़ा, माओवादी हिंसा का वास्तविक स्वरूप, और तथाकथित बुद्धिजीवी वर्ग द्वारा माओवाद के वैचारिक महिमामंडन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। पत्र में चिंता व्यक्त की गई है कि बस्तर पिछले चार दशकों से माओवादी हिंसा की चपेट में है, जिसमें हजारों निर्दोष आदिवासी नागरिक, सुरक्षाकर्मी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम प्रतिनिधि मारे जा चुके हैं। South Asia Terrorism Portal के आँकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि केवल छत्तीसगढ़ में माओवादी हिंसा से 1000 से अधिक आम नागरिकों की जान जा चुकी है, जिनमें बहुसंख्यक बस्तर के आदिवासी हैं।

## एस.एम.सी. मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री साय व स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के हाथो हुआ



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मौजा-तिवरिया धरसींवा-1, गर्वमेंट हॉस्पिटल के पास, धरसींवा में 28 मई बुधवार को एस. एम. सी मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन श्री विष्णुदेव साय, श्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मा. डॉ. चरण दात मंहत नेता प्रतिपक्ष, (छ.ग.), विशेष अतिथि के रूप में मा. नारायण चंदेल- पूर्व-नेता प्रतिपक्ष, (छ.ग.), मा. अनुज शर्मा- विधायक, धरसींवा (छ.ग.), मा. संजय श्रीवास्तव-अध्यक्ष, छ.ग. सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन, मा. छगन लाल मुंदड़ा पूर्व प्रदेश मंत्री, भाजपा (छ.ग.) धरसिवा के पंच ,सरपंच सहित प्रदेश के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विष्णुदेव साय ने डॉ सतीश सूर्यवंशी को बधाई देते हुए ऐसे ही नि:स्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा में लगे रहने को कहा, उन्होंने ऐसे रूरल एरिया में सर्वसुविधा युक्त अस्पताल खोलने पे तारीफ करते हुए कहा कि ये इंडस्ट्रियल एरिया है यहां एक्सीडेंट के केसेस बहुत होते है ऐसे में ये हॉस्पिटल यहां के लोगो के लिए वरदान साबित होगा।

ज्ञात रहे मुख्यमंत्री जी का हेलीकॉप्टर खराब हो गया था इस वजह से उन्हें काफ़ी लेट भी हो गया था पर फिर भी उन्होंने अपने व्यस्ततम शेड्यूल से अमूल्य समय निकाला और वो यहाँ आए।

श्याम जायसवाल व अन्य अतिथियों ने एस. एम. सी मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा समाज के प्रति की गयी अतुलनीय सेवा के लिए बधाई देते हुए कहा इंडस्ट्रियल एरिया में इमरजेंसी केसेस ट्रॉमा केसेस बहुत आते है यहाँ पे इतना इतना सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल होने से यहाँ के लोगो को बहुत राहत मिलेगी अब किसी मजदूर के इलाज में देरी नहीं होगी।

एस.एम.सी मल्टीस्पेसिलिटी 60 बिस्तरों के हॉस्पिटल में 24×7 ट्रॉमा केयर की सुविधा रहेगी। यहाँ 14 बिस्तरीय ICU भी है मरीजों को आईवीएफ रिसर्च के साथ-साथ विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त मल्टीस्पेशलिटी कार्डियक, हाई रिस्क ऑब्स्टेट्रिक, गाइनी, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, जनरल न्यूरो सर्जरी, ट्रामा, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक सर्जरी, नेफोलॉजी (डायलिसिस), यूरोलॉजी, गॅस्ट्रोएंटरोलॉजी, इंटेंसिव केयर, फिजियोथेरेपी एवं डायटेटिक्स सेंटर की सुविधाएं मिल सकेंगी।

यहां पर अत्याधुनिक तकनीक से तैयार मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर भी उपलब्ध है। आगे हम किडनी ट्रांसप्लांट, ज्वाईन्ट रिप्लेसमेंट एवं लीवर ट्रांसप्लांट की भी सुविधा उपलब्ध को विशेष तौर करवाएंगे महिलाओं को नि:संतानता रोग के इलाज हेतु आईवीएफ सुविधाओं के साथ सभी गायनी प्रक्रियाएं अस्पताल में उपलब्ध हैं. यहां पर हाई रिस्क प्रेगनेन्सी और आईवीएफ चिकित्सा से प्रेगनेन्सी कराई जाती है। अस्पताल प्रबंधन ने अत्याधुनिक कलर डॉपलर, इकोकार्डियोग्राफी और स्ट्रेस इको डिजिटाइज्ड मशीनों पर आयोजित होल्टर मॉनिटरिंग और 24 घंटे एंबुलेंस बीपी मॉनिटरिंग के साथ साथ उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसे उच्च जोखिम वाले प्रसूति और स्त्रीरोग का इलाज भी हो सकेगा। हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सतीश सुर्यवंशी- डॉ. प्रज्ञा सुर्यवंशी, डॉ. एस.एस मोहन्ती- डॉ. ममता दास, शिवेन्द्र दुबे-श्रीमती कामना दुबे, डॉ. जावेद आलम- श्रीमती तमन्ना है।

## युवा शक्ति है राष्ट्र शक्ति- मुख्यमंत्री




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के तहत आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। हमारे देश में विश्व में सबसे ज्यादा युवा हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह बहुत खुशी की बात है की छत्तीसगढ़ की धरती पर यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक आयोजित हो रही है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा के सभी शीर्षस्थ संस्थान स्थापित हैं। आज हमारे प्रदेश में युवा आईआईटी, एम्स, ट्रिपल आईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों में पढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति लागू है। नई शिक्षा नीति के तहत हम युवाओं को रोजगार से भी जोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रयास जैसी संस्था स्कूली बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। प्रयास में पढ़े बच्चे बड़ी संख्या में प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऐसे युवा जो सिविल सेवा आदि परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए नई दिल्ली में ट्राइबल यूथ हॉस्टल स्थापित है। हमने इस ट्राईबल यूथ हॉस्टल की क्षमता को बढ़ाकर 200 सीट कर दिया है। प्रदेश भर में हम नालंदा परिसर बना रहे हैं जहां बच्चे एक शांत वातावरण में पढ़ाई कर सकें।

## पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने बस्तर की खनिज संपदा लूट के खिलाफ किया 40 किमी की पदयात्रा

### दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट घेराव के साथ कांग्रेस की चार दिवसीय पदयात्रा सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के जल, जंगल, जमीन, खनिज संसाधनों को बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में 26 से 29 मई 2025 को किरंदुल से दंतेवाड़ा तक 40 कि.मी. की न्याय पदयात्रा दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट घेराव के साथ संपन्न हुई।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की आने के बाद से छत्तीसगढ़ के संसाधनों को निजी हाथों में सौंपने का काम हुआ है अवैध खनन के कई मामले सामने आ रहें हैं और इस प्रकार से भविष्य में भी कई मामले होने की आशंका है इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने 4 दिन की पदयात्रा निकाली।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी की खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दिया गया। कांकेर जिले के हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है इसके बाद बस्तर के सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा। पदयात्रा के समापन एवं कलेक्ट्रेट घेराव के अंतिम दिन पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया, पूर्व विधायक देवती कर्मा, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, बीरेश ठाकुर, भुवनेश्वर बघेल, छबीन्द्र कर्मा, रेखचंद जैन, महामंत्री सकलेन कामदार, सुबोध हरितवाल, अवधेश गौतम, सुशील मौर्य, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, तुलिका कर्मा, पूर्णचंद पाढ़ी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## रायपुर मंडल में ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर आदित्यान्वेषण का आयोजन

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल द्वारा मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कुल, बीएमवाई, चरोदा में 26 जून से 06 जून तक ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर आदित्यान्वेषण का आयोजन नयी प्रतिभाओ की खोज एवं कला को निखारने के उद्देश्य से संध्या 6 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन रेलवे इंस्टिट्यूट बीएमवाई तथा मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कूल, बीएमवाई की सहभागिता से कार्मिक विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसन्ना आर लोध, कार्यकारी अध्यक्ष, रेलवे इंस्टिट्यूट बी एम वाई एवं एआरएम/भिलाई और विशेष अतिथि के रूप में डी विजय कुमार, मंडल समन्वयक, दपूरे मजदुर कांग्रेस, भिलाई उपस्थित रहे।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मिले कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रायपुर पहुंचकर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल जी के आवास पर उनके पूज्य पिताश्री स्वर्गीय श्रीरामजीलाल जी अग्रवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्री प्रेम प्रकाश पांडेय एवं नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव जी भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पण के दौरान सभी वरिष्ठजनों ने पूज्य श्रीरामजीलाल जी के साथ बिताए पुराने दिनों की यादें साझा करते हुए उनके सरल, अनुशासित और प्रेरणादायी व्यक्तित्व को नमन किया।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री श्री तोखन साहू जी, पूर्व मंत्री श्री भईयालाल राजवाड़े जी, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड अध्यक्ष श्री श्रीनिवास राव मद्दी, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल, पूर्व मंत्री श्री रविंद्र चौबे जी सहित अनेक गणमान्यजनों ने भी पूज्य श्रीरामजीलाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। छत्तीसगढ़ क्रांति अग्रवाल संगठन, अग्रवाल समाज दुर्ग-भिलाई तथा अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने स्वर्गीय श्री अग्रवाल जी के समाजसेवा से जुड़े कार्यों और उनके सद्व्यवहार की सराहना की।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभी आगंतुकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, पूज्य पिताजी का जीवन मूल्य, सेवा, अनुशासन, आत्मीयता और अपनेपन से भरा रहा। जिन लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी, वे केवल शोक प्रकट करने नहीं आए थे, बल्कि उन स्मृतियों को साझा करने आए थे, जो मेरे पिताजी ने अपने आचरण और व्यवहार से उनके हृदय में संजोई थीं।

## श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी नया रायपुर में सुरों से सजेगी उम्मीदों की शाम

### ध्वनि भानुशाली की प्रस्तुति के साथ जागरूकता की अनूठी पहल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री दावरा यूनिवर्सिटी, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में आगामी 31 मई 2025 को एक भव्य और संगीतमय शाम का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम है सुरों वाली शाम, उम्मीदों के नाम। यह कार्यक्रम एक विशेष सामाजिक पहल Jashn-e-Zindagi के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जनजागरूकता फैलाना और समाज में सकारात्मक संदेश का प्रसार करना। इस सांस्कृतिक संध्या की खास बात यह है कि इसमें बॉलीवुड की चर्चित गायिका ध्वनि भानुशाली अपनी सुरमयी प्रस्तुति देंगी, जो न केवल श्रोताओं को भावविभोर करेगी बल्कि सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ेगी।

इस कार्यक्रम का आयोजन श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें न्यूज़18 मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ प्रमुख मीडिया पार्टनर है और BALCO (भारत एल्युमिनियम कंपनी लिमिटेड) सह-प्रायोजक की भूमिका निभा रहा है। इसके अलावा POOJA INOX, SARTHAK TV, Reliance Digital और कई अन्य प्रतिष्ठित संस्थान भी इस सामाजिक अभियान में सहयोग कर रहे हैं। यह आयोजन युवाओं और आम जनता को एक साथ लाकर उन्हें मनोरंजन के माध्यम से गंभीर विषयों पर सोचने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ संगीत का आनंद लेना नहीं है, बल्कि कैंसर के खिलाफ जागरूकता, समय पर जाँच, और इलाज के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना भी है।

## पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर मुख्यमंत्री निवास में संगोष्ठी आयोजित

### मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रमुख वक्ता के रूप में हुए शामिल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर आज राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रमुख वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित किया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री तोखन साहू और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम भी संगोष्ठी में शामिल हुए। विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी, समाज सेवी, डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, वकील और साहित्यकार भी बड़ी संख्या में संगोष्ठी में मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संगोष्ठी में राजमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें भारत की सांस्कृतिक एकता और सुशासन का प्रतीक बताया। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर के करीब 30 वर्षों के शासन को प्रजा कल्याण, राष्ट्र निर्माण और न्याय का स्वर्ण युग कहा। उन्होंने कहा कि इंदौर की महारानी होने के बावजूद राजमाता ने स्वयं को किसी एक भौगोलिक सीमा में नहीं बांधा। उन्होंने देशभर में मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार करते हुए तीन दशकों तक होल्कर राजवंश का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को ऐतिहासिक बताया। पेशवा माधवराव की इच्छा के अनुरूप राजमाता ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कर करोड़ों आस्थावानों की भावना को सम्मान दिया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का प्रतीक बना। श्री साय ने कहा कि आज इंदौर देश में स्वच्छता में अग्रणी है, इसके पीछे राजमाता द्वारा स्थापित गुड गवर्नेंस की प्रेरणा है। वे न्यायप्रिय थीं। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को भी न्याय के लिए दंड देने से परहेज नहीं किया।

मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने संगोष्ठी को प्रमुख वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1767 से 1795 तक अपने 28 वर्षों के शासन काल में धर्मसत्ता और न्यायसत्ता की आवाज बुलंद की। उन्होंने अपने जीवन में तमाम विपत्तियों के बीच अनेक अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने अपने शासन काल में सार्वजनिक धन और राजकोष के सदुपयोग की मिसालें कायम की। राजसत्ता की कोई राशि कभी अपने लिए खर्च नहीं की। श्री पटेल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर अपने पति के निधन के बाद कभी राजमहल में नहीं रहीं। झोपड़ी में अपना जीवन बिताया। न्याय के लिए उन्होंने अपने पुत्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। उन्होंने अपने शासन में विधवाओं को दत्तक पुत्र लेने की अनुमति प्रदान की। रानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रजाहितैषी और कल्याणकारी कार्यों के कारण उनके राज्य के लोगों ने उन्हें लोकमाता का दर्जा दिया था।

विधायक श्री किरण देव और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री नारायण चंदेल ने भी संगोष्ठी में रानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व, कार्यों और उनके शासन काल की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने सुशासन, न्यायप्रियता एवं लोक कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से भारतीय इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है।

## विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया ने उच्च गुणवत्ता वाले पेटेंटेड रंगीन इस्पात उत्पाद ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल लॉन्च किए

**ये 'मेक इन इंडिया' उत्पाद आर्सेलर मित्तल की पेटेंटेड ऑप्टिगल श्रृंखला का हिस्सा हैं**

### ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल क्रमशः 15 और 25 वर्षों की वारंटी के साथ उपलब्ध हैं

### ये दोनों वेरिएंट भारत के तेजी से बढ़ते निर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों की विशेष इस्पात आवश्यकताओं को पूरा करेंगे

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (ए एम / एन एस इंडिया) ने आज ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल नामक दो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद लॉन्च किए, जो इसके प्रीमियम रंगीन लेपित इस्पात पोर्टफोलियो ऑप्टिगल का हिस्सा हैं।

इस लॉन्च के साथ, एएम/एनएस इंडिया ने पहली बार भारतीय बाजार में यूरोपीय मानकों वाले अत्यधिक जंग प्रतिरोधी इस्पात को पेश किया है, जिसका उपयोग आधुनिक हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों, राजमार्गों और बड़े भवन परियोजनाओं जैसे उच्च स्तरीय निर्माण कार्यों में किया जा सकता है। कंपनी ने C4 ग्रेड के उच्च गुणवत्ता वाले विशेष इस्पात के क्षेत्र में एक नई श्रेणी की शुरुआत की है, जो अब तक भारत में उपलब्ध नहीं थी, और जिसमें एएम/एनएस इंडिया देश की एकमात्र घरेलू उत्पादक कंपनी के रूप में उभर कर सामने आई है।

यह उत्पाद प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए 'विकसित भारत' के आह्वान को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य इस विशेष इस्पात क्षेत्र में प्रमुख हिस्सेदारी प्राप्त करना और आने वाले 2-3 वर्षों में संपूर्ण कलर-कोटेड इस्पात क्षेत्र में 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है।




भारत में रंगीन लेपित इस्पात का बाजार वर्तमान में लगभग 3.4 मिलियन टन का है और यह प्रतिवर्ष लगभग 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। ऑप्टिगल के दो नए विशेष वेरिएंट के जुड़ने से आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया अपने लक्ष्यों की ओर तेज़ी से अग्रसर होगा। ऑप्टिगल प्राइम, जो शहरी और मध्यम स्तर के जंग-प्रवण वातावरण के लिए उपयुक्त है, 15 वर्षों की वारंटी के साथ आता है। यह सिलिकॉन मॉडिफाइड पॉलिएस्टर (एसएमपी), सुपर ड्यूरेबल पॉलिएस्टर (एसडीपी) और पीवीडी एफ जैसी उन्नत फिनिश में उपलब्ध है, और छत, दीवार परत (क्लैडिंग) एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आदर्श विकल्प है।

ऑप्टिगल पिन्नाकल, इस श्रृंखला का सर्वोत्तम वेरिएंट है, जिसे औद्योगिक और तटीय क्षेत्रों जैसी कठिन परिस्थितियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह 25 वर्षों की वारंटी के साथ आता है और इसमें PU/PA कोटिंग्स का प्रयोग किया गया है, जो नमी, V किरणों और अत्यधिक तापमान से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है- जिससे यह हवाई अड्डों, गोदामों और समुद्र के सामने स्थित इमारतों के लिए उपयुक्त बनता है।

आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया (एएम/ एनएस इंडिया) के निदेशक और सेल्स एवं मार्केटिंग के उपाध्यक्ष श्री रंजन धर ने कहा कि ऑप्टिगल प्राइम और ऑप्टिगल पिन्नाकल का शुभारंभ हमारी गुणवत्ता, स्थायित्व और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे भारत निर्माण और अवसंरचना के क्षेत्र में 'विकसित भारत' की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम गर्व के साथ विश्वस्तरीय इस्पात समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं जो विभिन्न जलवायु में औद्योगिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। यह हमारी स्मार्टर स्टील्स, ब्राइटर फ्यूचर्स की ब्रांड प्रतिबद्धता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354